**अनमोल विचार**

आत्मसंयम, अनुशासन और बलिदान के बिना राहत या मुक्ति की आशा नहीं की जा सकती।

▸▸ महात्मा गांधी

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, सोमवार, 02 दिसंबर 2024 | वर्ष- 09 अंक- 345 पेज-08 मूल्य- ₹ 5.00/-


## घटती जनसंख्या पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जताई चिंता

# समाज को बचाने 3 बच्चे होने जरूरी

**नागपुर, एजेंसी**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या गिरावट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि घटती जनसंख्या चिंता का विषय है। भागवत ने कहा कि आधुनिक जनसंख्या विज्ञान के अनुसार 2.1 से कम फर्टिलिटी रेट वाली समाज खुद ही खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि कई भाषाएं और समाज इसी वजह से खत्म हो गए। उन्होंने ज़ोर दिया कि जनसंख्या 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भारत की जनसंख्या नीति का भी ज़िक्र किया, जो 1998 या 2002 में तय हुई थी। इस नीति में भी यही बात कही गई है कि जनसंख्या 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए। भागवत ने कहा कि जनसंख्या विज्ञान के अनुसार दो या तीन से ज़्यादा बच्चे होने चाहिए। उन्होंने संख्या के महत्व पर ज़ोर दिया, ताकि समाज बचा रहे। मोहन भागवत ने आधुनिक जनसंख्या विज्ञान का हवाला देते हुए बताया कि 2.1 से कम फर्टिलिटी रेट वाले समाज विलुप्त हो जाते हैं। ऐसे समाज बिना किसी संकट के भी नष्ट हो जाते हैं। उन्होने कहा कि जनसंख्या में गिरावट चिंता का विषय है। आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज पृथ्वी से गायब हो जाता है। हमारे देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तय हुई थी।



### 2062 में पीक पर होगी भारत की आबादी, उसके बाद गिरावट होगी

यूएन की तरफ से हालिया जारी की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की आबादी 2062 में अपने पीक पर होगी। तब देश में 1.701 अरब लोग होंगे। साल 2062 में जनवरी और जुलाई के बीच जनसंख्या में गिरावट शुरू हो जाएगी। 2062 में जनसंख्या में करीब 2.22 लाख लोग जुड़ेंगे। 2063 में देश में करीब 1.15 लाख लोगों की मौत होगी। 2064 में यह आंकड़ा 4.37 लाख होगा और 2065 में 7.93 लाख होगा।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की कही जा रही है बात

मोहन भागवत का बयान ऐसे समय में आा है जब भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की बात की जा रही है। बीजेपी की कई नेता देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की बात कर चुके हैं। वहीं अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने घटती प्रजनन दर को लेकर चिंता जता रहे हैं। ऐसे में बीजेपी का इस मुद्दे पर अगला कदम क्या होगा ये देखने वाली बात है।

## महाराष्ट्रः आरएसएस को भाजपा का साफ संदेश

# सीएम के लिए फडणवीस के अलावा कोई मंजूर नहीं

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख भले ही सामने आ चुकी है, लेकिन प्रदेश का मुखिया यानी की मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर अभी तक तस्वीरें साफ नहीं हुई हैं। इस बीच अब खबर यह है कि आरएसएस नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर हो रही चर्चाओं और जातिगत समीकरणों के आधार पर निर्णय लेने की संभावनाओं से नाखुश है। संघ सूत्रों के अनुसार आरएसएस ने देवेंद्र फडणवीस और एक नाम को मुख्यमंत्री बनाने की बात भाजपा के बड़े नेता के पास रख दिया है। आरएसएस का कहना है कि यदि महाराष्ट्र में आज तस्वीर बदली है तो इसमें देवेंद्र का बहुत बड़ा रोल है। इसलिए उसे इनका इनाम मिलना चाहिए। आरएसएस के वह स्वाभाविक पसंद हैं। हालांकि, बीते कुछ दिनों में भाजपा के एक वर्ग ने मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए मुरलीधर मोहोल के नाम सामने रखे हैं। इसके अलावा इस बार संघ के तरफ से जिस नाम पर चर्चा कि गई है उसमें विनोद तावड़े, चंद्रशेखर बावनकुले, चंद्रकांत पाटिल और मुरलीधर मोहोल के नाम हैं। जहां विनोद तावड़े, चंद्रकांत पाटिल और मोहोल मराठा समुदाय से आते हैं। बावनकुले ओबीसी वर्ग से हैं। इनके संभावित नामों ने जातिगत समीकरणों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

## चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में मप्र देश में अग्रणी : नड्डा

# एचआईवी/एड्स की जंग को जीतने में समाज के सभी वर्ग सक्रियता से करें सहयोग : मोहन

**विजय मत, भोपाल**

केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार को इंदौर में विश्व एड्स दिवस का राष्ट्रीय आयोजन हुआ। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एड्स के खिलाफ भारत में एकजुट होकर लड़ाई लड़ी जा रही है। इसमें आशातीत सफलता भी मिल रही है। देश में एचआईवी/एड्स नियंत्रण के लिये संकल्पबद्ध होकर तेजी से प्रयास किये जा रहे है। इसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे है। एचआईवी/एड्स प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा की जा रही है। उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा 2017 से एचआईवी/एड्स नियंत्रण के लिये तेजी से प्रयास शुरू किये गये हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि सतत् विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी का सहयोग जरूरी है। एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों को मौलिक अधिकारों के साथ उन्हें मानव अधिकार भी प्राप्त हो। उनके साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। हमें उनके अधिकारों का सम्मान करते हुए उन्हें भी वहीं मान-सम्मान देना चाहिए।



### प्रदेश में तेजी से स्थापित हो रहे हैं नए मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस तरह भारत में सदी के सबसे भयावह दौर कोरोना काल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोविड से जंग लड़ी गई और सफलता हासिल की गई, उसे देखकर लगता है कि हम एचआईवी/एड्स के खिलाफ जंग में भी विजय हासिल करेंगे। उन्होंने मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरलीकृत व्यवस्था से प्रदेश में मेडिकल कॉलेज खोलने के कार्य को नयी गति मिली है। अब प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेज स्थापित हो रहे है। चिकित्सा शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी तेजी से किया जा रहा है।

### टेक द राइट्स पाथ के अनुरूप कार्य कर वर्ष 2028 तक वैश्विक लक्ष्य को प्राप्त करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर इंदौर में यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से समुदायों, युवाओं, लाभार्थियों और विभिन्न संगठनों को एक साथ लाकर वर्ष 2030 तक एचआईवी/एड्स को समाप्त करने के वैश्विक लक्ष्य को प्राप्त करने, चुनौतियों का समाधान करने में मददगार होगा। हमारा प्रयास होगा की यूएन की थीम, 卐टेक द राइट्स पाथ卐 के अनुरूप कार्य कर वर्ष 2028 तक वैश्विक लक्ष्य को प्राप्त किया जाये। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता आयेगी। एचआईवी/एड्स की जंग में संघर्ष करने में मदद मिलेगी।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मणिपुर के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध 3 दिसंबर तक बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर सरकार ने रविवार को राज्य के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को दो दिनों के लिए 3 दिसंबर तक बढ़ा दिया। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम में निलंबन को बढ़ा दिया गया है। आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के सामान्य संचालन के साथ इसके सहसंबंध की समीक्षा करने के बाद जनहित में मणिपुर के इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में 3 दिसंबर की शाम 5.15 बजे तक मोबाइल इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं सहित वीसैट और वीपीएन सेवाओं के निलंबन को जारी रखने का फैसला किया है।



### छत्तीसगढ़ के सरगुजा में कार-ट्रक में भीषण टक्कर, पांच लोंगो की मौत

**सरगुजा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा में आज रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। यह हादसा जिले उदयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाइवे पर स्थित गुमगा के पास हुआ जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने स्कोडा कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पांच युवकों की मौत हो गई। चार युवकों ने मौके पर और एक युवक ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह जिले के नेशनल हाइवे 130 में गुमगा के पास स्कोडा कार और ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई।



### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 16.50 रुपये की बढ़ोतरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साल के आखिरी महीने के पहले दिन सार्वजनिक तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम एक बार फिर बढ़ा दिए हैं। इसका सीधा खाने-पीने की चीजों पर पड़ेगा हालांकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल से मिली जानकारी के मुताबिक, 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 16.50 का इजाफा हुआ है। पिछले महीने नवंबर की पहली तारीख को भी कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में इजाफा हुआ था। गौरतलब है कि सार्वजनिक तेल कंपनियां महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर के दाम तय करती हैं। 19 किलो वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर अब दिल्ली में 1818.50 में मिलेगा। पिछले महीने नवंबर में ही इस सिलेंडर की कीमत में 62 की बढ़ोतरी हुई थी।



## संभल मस्जिद के अंदर मिल गए मंदिर के सबूत!

# 50 से ज्यादा फूल के निशान, सुदर्शन चक्र और कुआं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद में मंदिर के प्रमाण मिलने के और भी सबूत सामने आए हैं। असल में सर्वेक्षण के दौरान मस्जिद के अंदर 50 से अधिक फूलों के निशान, सुदर्शन चक्र, और मंदिर की संरचना से जुड़े अन्य सबूत सामने आए हैं। इसके अलावा, मस्जिद के परिसर में दो वट वृक्ष और एक प्राचीन कुआं पाया गया है, जो हिंदू धार्मिक परंपराओं से जुड़े माने जाते हैं। विशेषज्ञों ने मस्जिद के निर्माण में पुराने ढांचे को बदलने और मंदिर के आकार पर प्लास्टर कर पेंट करने की बात भी कही है। इस बीच 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद न्यायिक आयोग ने संभल का दौरा किया। आयोग ने जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक के साथ हिंसा स्थल का निरीक्षण किया और मौजूदा हालात की जानकारी ली। आयोग के तीन सदस्य शाही जामा मस्जिद पहुंचे और वहां का गहन निरीक्षण किया। मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि आयोग ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर जरूरी जानकारी जुटाई है।



## जय शाह ने बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ा, आईसीसी प्रमुख के रूप में संभाली जिम्मेदारी



नई दिल्ली, एजेंसी। जय शाह ने आज 1 दिसंबर को आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है जो वैश्विक क्रिकेट प्रशासन में एक नया अध्याय है। शाह ग्रेग बार्कले का स्थान लेंगे जो नवंबर 2020 से इस पद पर थे। आईसीसी अध्यक्ष के रूप में अपने उद्घाटन वक्तव्य में शाह ने अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया जिसमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने को एक परिवर्तनकारी अवसर के रूप में शामिल करने और महिलाओं के खेल के विकास को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। शाह ने कहा, आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है।

## धनखड़ बोले | केवल चुनिंदा लोगों को दिया गया श्रेय

# स्वतंत्रता के बाद की कहानियों में हुआ हेरफेर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को दुख जताया कि भारत की इतिहास की किताबों में स्वतंत्रता संग्राम के कुछ नायकों के साथ अन्याय हुआ है, क्योंकि स्वतंत्रता के बाद की कहानियों में हेरफेर करके केवल चुनिंदा व्यक्तियों को श्रेय दिया गया। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ियों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए बिना किसी लाग-लपेट के ऐतिहासिक विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपराष्टपति ने किसानों से बातचीत और समझ के माध्यम से समस्याओं के समाधान के लिए काम करने का भी आह्वान किया। उपराष्टपति ने कहा कि देश अपने इतिहास को उन लोगों को कृपालु, चाटुकार, श्रेय देकर पोषित नहीं कर सकता, जिन्होंने निश्चित रूप से भूमिका निभाई।



# केंद्र सरकार के नए फैसले से ईपीएफओ सदस्यों को अधिक रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी (सीबीटी) द्वारा सदस्यों की अधिक आय के लिए एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के लिए रिडेम्पशन पॉलिसी को मंजूरी दे दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीबीटी ने ईटीएफ से प्राप्त 50 प्रतिशत राशि को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) और भारत 22 सूचकांक में पुनः निवेश करने को मंजूरी दे दी है। नई नीति के अनुसार फंड को कम से कम पांच साल तक रखना अनिवार्य है। रिपोर्ट्स में आगे कहा गया कि शेष राशि को अन्य वित्तीय साधनों, जैसे सरकारी प्रतिभूतियों और कॉर्पोरेट बांडों में निवेश किया जाएगा।



## अमित शाह के दौरे से पहले 7 नक्सली ढेर

# छग-तेलंगाना बॉर्डर पर टीएससीएम, डीवीसीएम और एसीएम मेंबर मारे गए

**जगदलपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर ग्रेहाउंड्स फोर्स ने महिला नक्सली समेत 7 नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों ने मौके से एक-47 समेत अन्य हथियार भी बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि सुबह से दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही थी। मामला तेलंगाना के मुलुगु जिले के ईटूनगरम थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। बताया जा रहा है कि नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे, लेकिन जवानों ने मुठभेड़ में उन्हें ढेर कर दिया।



## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आरोप

# सरकार खुद संसद की कार्यवाही नहीं चलने दे रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। इसकी शुरुआत 25 नवंबर से हो गई है। बार-बार संसद की कार्यवाही स्थगित को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार खुद संसद की कार्यवाही नहीं चलने दे रही है। संसद की कार्यवाही समय से पहले स्थगित होने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, ÷मेरा आरोप है कि अगर 2 मिनट में सत्र स्थगित हो जाता है तो उन्हें इसे जारी रहने देना चाहिए। सरकार खुद 5 मिनट में स्थगित हो जाती है। क्या आपने कभी ऐसा सुना है? कितने लोग वहां आए हैं, वे व्यवधान डाल रहे हैं और चर्चा नहीं होने दे रहे हैं, इसलिए यह उनकी गलती है, हमारी नहीं। सदन को चलाने के लिए उन्हें विपक्ष को विश्वास में लेकर हर संभव प्रयास करना चाहिए।÷ यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस का कोई प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के संभल जाएगा। इस पर अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जाएगा, जाएगा।



# शिंदे बोले, सीएम पर फैसला मोदी-शाह लेंगे

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में नतीजे आए 8 दिन हो गए हैं लेकिन मुख्यमंत्री के चेहरे का आधिकारिक ऐलान बाकी है। शपथ ग्रहण समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 5 दिसंबर को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। महायुति सरकार में मंत्रालय बंटवारे को लेकर पेंच फंसा है। दिल्ली में बैठक करके लौटे एकनाथ शिंदे सभी कार्यक्रम रद्द कर अचानक 29 नवंबर को सातारा स्थित पैतृक गांव चले गए। एक दिन बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई।



**विजय मत एंकर** हर साल जा रही 10 लाख जान, बचाव के लिए करने होंगे उपाय

# 2050 तक स्ट्रोक महामारी के शिकार होंगे करोड़ों लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनिया भर में स्ट्रोक के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। भारत में भी स्ट्रोक के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और ये लाखों लोगों की जान भी ले रहा है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के सहयोग से किए गए लैंसेट मेडिकल जर्नल के अध्ययन के मुताबिक, भारत में भी कार्डियक अरेस्ट और स्ट्रोक के कारण तेजी से मौतें हो रही हैं। रिसर्च के मुताबिक, 2050 तक स्ट्रोक से मौतों का आंकड़ा बढ़कर 9.7 मिलियन पहुंच सकता है।



स्ट्रोक से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बहुत आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, धूम्रपान और खराब जीवनशैली जैसे कुछ जोखिम कारक स्ट्रोक का कारण बन सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्ट्रोक एक बहुत ही खतरनाक स्थिति है जिसका स्वास्थ्य पर अधिक और लंबा प्रभाव पड़ता है। स्ट्रोक आमतौर पर तब होता है जब मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है।

### ब्लड प्रेशर कंट्रोल करना

ब्लड प्रेशर वाले लोगों को सावधान रहना चाहिए, उन्हें स्ट्रोक के जोखिम कारकों में से एक है। ऐसे में हाई सोडियम वाले खाद्य पदार्थ जैसे पैकेज्ड या जंक फूड से बचना चाहिए।

### निकोटिन लेने से बचें

धूम्रपान जैसी आदतें स्ट्रोक की समस्या को काफी प्रभावित कर सकती हैं। यह आपकी रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है। जिसके चलते धमनियों में प्लाक जम जाता है। इसलिए धूम्रपान छोड़ने से स्ट्रोक का खतरा कम हो सकता है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

देवरी। जिला सागर के देवरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांधी ग्राम अनंतपुरा में महंत श्री विपिन बिहारी दास जी महाराज की ओजस्वी तेजस्वी तीखी की वाणी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के माध्यम से किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन कलश यात्रा में शामिल हुए और ग्राम वासियों ने पुष्प वर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया। कथा के मुख्य यजमान आयोजक पूर्व सरपंच लखन लाल साहू ने बताया कि अनंतपुरा के खेर माता मंदिर की पावन भूमि पर कथा वाचन विद्वान बुंदेली भाषा में कथा करने वाले श्री श्री 108 श्री पंडित विपिन बिहारी जी महाराज के मुखारविंद से तीखी वाणी में श्रीं मद भागवत कथा का वाचन होगा। इस कथा में भागवत रस बरसेगा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र एवं देवरी विधानसभा के साथ-साथ आसपास के विधानसभाओं और संपूर्ण सागर जिले के साथ बुंदेलखंड में महंत जी के हजारों की संख्या में शिष्य और भक्त हैं जो उनकी कथा के अनुरागी है समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ सज्जनों माता बहनों से निवेदन है।

### चाकू से हमला करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

सागर। फरियादी श्याम पिता रमेश खटीक उम्र 32 साल नि. कांच मंदिर मछरयाई सागर ने रिर्पोट लेख कराई कि मैं फल फूट का ठेला लगाता हूं अपने घर पैदल जा रहा था, जैसे ही कांच मंदिर के पास ग्यादीन तिग्गडा पहुंचा तो मेरे पीछे से एक मोटरसाईकिल तेज गति से हॉर्न बजाते हुये वाये तरफ से आ रही थी जैसे ही मैं पीछे तरफ मुडा तो मोटरसाईकिल पर बैठे हुये एक व्यक्ति ने मेरे गाल पर धारदार हथियार से मारा जिससे मेरा बाया गाल कट गया खून निकलने लगा। मोटरसाईकिल शीतला माता मंदिर तरफ गई अंधेरा होने से गाडी का प्लेट नंबर नही देख सका। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। विवेचना अनुसार हुलिया के आधार पर मुखविर की सूचना के आरोपी हेंमत पिता बबलू अहिरवार उम्र 28 साल नि. ग्यादीन तिग्गडा विवेकानंद वार्ड सागर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध करना स्वीकार किया तथा घटना में प्रयुक्त चाकू को पेश करने पर जप्ती की जाकर आरोपी को गिरप्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति हैं जिनके विरूद्ध विभिन्न अपराधिक मामले पंजीबद्ध हैं।

### जेल के प्रमुख मुख्य पहरी की सेवानिवृत्त पर दी विदाई



सागर। केंद्रीय जेल सागर में कार्यरत प्रमुख मुख्य पहरी श्रीराम कुडेरिया, अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए है। उन्हे जेल अधीक्षक मानेंद्र सिंह परिहार ने शाल श्रीफल और प्रशंसा पत्र देकर सेवानिवृत्ति की बधाई दी , गौर तलब है कि श्रीराम कुड़ेरिया अपने सेवाकाल में जेल में सजायाफ्ता बंदी भाइयों को हमेशा श्री राम के आदर्शो पर चलने की और कभी भी बुरे कार्य न करने की हिदायत देते रहते थे श्रीराम कुड़ेरिया जेल में हो रहे धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाते थे, केन्द्रीय जेल सागर में हुए विदाई समारोह में उनके साथ कार्यरत सहकर्मियों और अन्य अधिकारियों ने उन्हें आगामी भविष्य की सुभकामनाये देकर उन्हें विदा किया।

### श्रीराम जानकी विवाहोत्सव की चल रही है भव्य तैयारी

बीना। शनिवार को भगवान श्रीराम को चढ़ाया गया टीका, फलदान लेकर भक्त नाचते-गाते हुए रामनाम सिद्ध पीठ पहुंचे।गौरतलब है कि हर साल की तरह इस साल भी खिरिया वार्ड में स्थित श्री रामनाम सिद्ध पीठ में भगवान श्रीराम और जानकी का विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार की रात भगवान श्रीराम को टीका चढ़ाया गया। शहर के प्रमुख मार्गो से नृत्य करते हुए कलाकार और भक्त चल रहे थे। भगवान श्रीराम और जानकी का विवाहोत्सव के पहले गोद भराई, लगुन सहित अन्य रश्में पूरी हो चुकी हैं। हर रस्मों को धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार को भगवान को टीका चढ़ाया गया। मां जानकी की ओर से नवीन भिलवारे सहित अन्य भक्त तिलक का सामान लेकर श्री रामनाम सिद्ध पीठ पहुंचे। इस दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया। हरियाणा से आए रास मंडल ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ आई थी। मंदिर में श्री रामनाम महाराज ने सभी रस्में पूरी कराईं। भगवान को टीका चढ़ाने की रस्म की गई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और शाम को प्रसाद वितरित किया गया।

# युवा पीढ़ी हमारे पूर्वजों के इतिहास और विरासत को जाने: पूर्व मंत्री

**विजय मत, सागर**

जिला क्षत्रिय महासभा की बैठक रुद्राक्ष धाम प्रांगण में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से लखन सिंह बामोरा को जिला क्षत्रिय महासभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में दांगी क्षत्रिय शासक ऊदनशाह द्वारा सागर किला और सागर शहर की स्थापना के सर्वमान्य एतिहासिक तथ्य के स्थान पर किसी और शासक को इसका श्रेय देने वाली गतिविधियों पर चिंता व्यक्त करते हुए दांगी विरासत का अपमान करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। जिला क्षत्रिय महासभा की बैठक में जिला उपाध्यक्ष बलवंत सिंह कर्रापुर ने पूर्व जिलाध्यक्ष श्री हरीराम सिंह केंथोरा द्वारा इस्तीफे से रिक्त हुए पद पर लखन सिंह बामोरा का नाम प्रस्तावित किया जिसे मंच पर बैठे समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधियों व हजारों की संख्या में उपस्थित क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने हर्षध्वनि के साथ स्वीकार किया। तत्पश्चात क्षत्रिय महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष बुंदेलसिंह बुंदेला ने लखन सिंह बामोरा को अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपने की घोषणा करते हुए उनको बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्री बुंदेला सिंह ने कहा कि श्रद्धेय कक्कू स्व दीवान अमोल सिंह जी के बाद लंबे अर्से बाद क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी बामोरा परिवार के लखन सिंह जी को सौंपी जा रही है, अब वे समाज को सही दिशा में आगे ले जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जो समाजें अपने इतिहास और इतिहास बनाने महापुरुषों के योगदान को भूलती हैं वे बार बार गुलाम बनने को अभिशप्त होती हैं। उन्होंने महासभा के पदाधिकारियों से कहा कि यह आवश्यक है कि युवा पीढ़ी हमारे पूर्वजों के इतिहास और विरासत को जाने और उसके प्रति जागरूक रहे। इसके लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं जिससे क्षत्रिय पूर्वजों की वीरता, त्याग, संघर्षों और योगदान की जानकारी युवा पीढ़ी को मिल सके। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि समाज जनों को सदैव सेवा और धर्म के कार्य अपनी सक्षमता के अनुसार करते रहना चाहिए। इन कार्यों से समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ती है जिसका लाभ राजनीति में मिलता है जिससे अंततः समाज की ही ताकत बढ़ती है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे बच्चे,आने वाली पीढ़ी गलत दिशा में चली गई तो सारी धन संपत्ति व्यर्थ है। इसलिए बच्चों को सेवा,धर्म, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्रों में लगाएं। उन्होंने कहा कि सागर जिले में क्षत्रिय समाज कभी भी वर्गों में नहीं बटी। इस मौके पर समाज के कई लोग मौजूद थे।



## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ

# एड्स से सुरक्षा के लिए जागरूकता ही बचाव है: प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता

**विजय मत, सागर**



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय सागर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने की। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा एनएसएस छात्र व छात्रा इकाई द्वारा सागर नेटवर्क समिति के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्राओं को एड्स से सुरक्षा को लेकर जागरूकता का प्रशिक्षण दिया गया। विश्व एड्स दिवस पर एनएसएस की जिला समन्वयक डॉ संगीता मुखर्जी, रसायन विभाग अध्यक्ष डॉ इमराना सिद्दीकी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रतिभा जैन, एनएसएस छात्र व छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक जॉनसन व डॉ अभिलाषा जैन की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ संदीप सबलोक ने किया।आभार एनएसएस छात्र इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिलाषा जैन ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि वायरस से जनित एड्स रोग को लेकर समाज में अनेक तरह की भ्रांतियां हैं। यह रोग छूने या साथ रहने से कभी नहीं होता है। इसका वायरस शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को नष्ट करता है जो जीवन के लिए खतरनाक होता है। उन्होंने निरोगी काया को जीवन का पहला सुख बताते हुए कहा कि एड्स के वायरस तथा अन्य संक्रमण व बीमारियों से सुरक्षा के लिए स्वच्छता व जागरूकता ही बचाव है। कार्यक्रम के प्रारंभ में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ प्रतिभा जैन ने विश्व एड्स दिवस पर प्रकाश डालते हुए संक्रमण से होने वाली विभिन्न बीमारियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ संदीप सबलोक ने कहा कि युवा पीढ़ी को इस वायरस से घबराने के बजाय सुरक्षित और सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने छात्र छात्राओं को एड्स संबंधित जानकारियों से प्रशिक्षित कर इससे सुरक्षा के संबंध में जागरूक भी किया। सागर नेटवर्क सोसायटी की परियोजना संचालक राजकुमारी सेन ने बताया कि एचआईवी वायरस असुरक्षित यौन संबंध के अलावा संक्रमित सुई, रेजर तथा संक्रमित व्यक्ति के खून से सबसे ज्यादा फैलता है। इसमें यदि ज़रूरी सावधानी रखी जाए तो इससे बचा जा सकता है। प्रोग्राम मैनेजर तरुण कुमार साहू ने बताया कि महानगरों में युवा वर्ग द्वारा नशीले ड्रग्स के सेवन के लिए एक ही सुई को कई लोगों द्वारा प्रयोग किए जाने से यह वायरस तेजी से फैल रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ दीपक जैन, काउंसलर सुनंदा जाटव, उत्तरा पटेल, वर्षा साहू, जयंती पटेल, पूजा अहिरवार समेत करीब 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवार जनों का हुआ स्वास्थ परीक्षण



**विजय मत, सागर**

पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन सागर कैंपस में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। सुनील कुमार जैन, उप पुलिस महानिरीक्षक सागर, विकाश कुमार शाहवाल , पुलिस अधीक्षक जिला सागर एवं संजीव कुमार उइके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना जिला सागर के मार्गदर्शन में डॉ राय अस्पताल मकरोनिया सागर के मैंनेंजिंग डायरेक्टर आकाश बजाज से समन्वय बनाकर संभाग का पहला मान्यता प्राप्त पुलिस हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम योजना से डॉ राय अस्पताल सागर के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क इलाज / जाँच केम्प का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य तौर पर मेडीसिन विभाग में डॉ. प्रतीक पटेरिया एवं डॉ. राहुल मुखारिया रीढ़ एवं मस्तिष्क रोग विभाग में डॉ. प्रवीण होलकर जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग में डॉ. संतोष राय बाल्य एवं शिशु रोग विभाग में डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान मूत्र एवं किडनी रोग विभाग में डॉ. हर्षल मेश्राम टीवी, दमा एवं छाती रोग विभाग में डॉ. अखिलेश जैन नाक, कान एवं गला रोग विभाग में डॉ. राहुल खांडेकर पेट एवं उदर रोग विभाग में डॉ. राजेश पटेल हृदय रोग विभाग में डॉ. राकेश टीकादर हड्डी एवं घुटना प्रत्यारोपण रोग विभाग में डॉ. अखिलेश जैन कैंसर रोग विभाग में डॉ. विजय कोन्थम बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में डॉ. मनीष राय प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में डॉ. अनुभा महेश्वर नेत्र रोग विभाग में डॉ. वन्दना डेका ईसीजी, सोनोग्राफी, 2ष्ठ ईको, विभाग में डॉ. दीपक सिंह (रेडियो लॉजिस्ट) उपस्थित आये । जिनके द्वारा पुलिस विभाग के करीब 500 से अधिक पुलिस कर्मी एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ परीक्षण कैंप में सभी तरह की टेस्ट जैसे इको,ईसीजी, सोनोग्राफी आदि निशुल्क किए गए है।

## कलेक्टर की नई पहल से दो हजार से अधिक व्यक्तियों को मिला जनसुनवाई में आवेदन का लाभ



**विजय मत, सागर**

कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा जिले वासियों के हितार्थ में शुरू की गई नयी पहल जिसका 2000 से अधिक व्यक्तियों को लाभ प्राप्त हुआ। कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उनका पैसा भी खर्च न हो इसलिए उन्होंने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई स्थल पर ही निःशुल्क आवेदन टाइप करने के निर्देश दिए थे और आवेदन टाइप करने की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की गई जिसके तहत 2 माह से अधिक समय में 2000 से अधिक आवेदनकर्ताओं को निःशुल्क आवेदन टाइपिंग का लाभ प्राप्त हुआ। निशुल्क आवेदन टाइपिंग पर आवेदनकर्ताओं ने कहा कि हम सभी कलेक्टर का धन्यवाद करते हैं कि अब हमारे 50 से 100 रुपए आवेदन पर खर्च नहीं होते मौके पर ही आवेदक को टाइप किया जाता है और तत्काल कलेक्टर के समक्ष हम सब के द्वारा प्रस्तुत भी किया जाता है और उसका निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि जिले वासियों को शासन की मनसा के अनुसार समय पर बगैर परेशानी निशुल्क आवेदन प्राप्त हो मिल सकें इसके लिए यह व्यवस्था की गई है जो की लगातार जारी रहेगी। निःशुल्क आवेदन टाइप शुरू होने से अब तक जनसुनवाई में 2000 से अधिक आवेदकों को निःशुल्क आवेदन का लाभ प्राप्त हुआ। इसी आवेदन को यदि 2000 व्यक्तियों द्वारा बाहर से टाइप कराया जाता तो 50 रुपए प्रति आवेदन के हिसाब से एक लाख रुपए से अधिक खर्च होते है। अब बचत होने लगी।

## अपने नगर प्रदेश और देश का नाम क्रिकेट में रोशन करें: राय

**विजय मत, बीना**

रविवार को रेलवे इंस्टिट्यूट में मोहित क्रिकेट आर्मी अकादमी का हुआ शुभारंभ जिसके मुख्य अतिथि थी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीतू सुनील राय विशिष्ट अतिथि। पार्षद भारती राय उन्होंने कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया वहीं मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीतू सुनील राय ने अपनी बात रखते हुए खिलाड़ियों को संबोधित किया कहा कि गुरु के विना ज्ञान अधूरा है आप क्रिकेट की जो ट्रेनिंग ले रहे हैं अपने गुरु के बताए हुए अनुसार अपने खेल को खेले और अपने अपने माता-पिता के साथ नगर प्रदेश और देश का नाम क्रिकेट में रोशन करें बीना प्रतिभाओं की कमी नहीं है लेकिन मार्गदर्शन की कमी थी जो आज मोहित एकेडमी खुलने से पूरी हो गई है मैं आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं



देते हैं वहीं पार्षद भारतीय राय ने अपनी बात रखते हुए खिलाड़ियों को मन लगाकर खेलने की बात कही उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेल और अपनी नगर का नाम रोशन करें वही अकादमी के कोच मोहित कुमार प्रजापति ने खिलाड़ियों को क्रिकेट के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि यह अकादमी सुबह और शाम दोनों टाइम बच्चों को प्रशिक्षण देगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल आलेख राय मंगेश रजक हेमंत रजक लक्ष्य राय दीपक राजोरिया तेजस्व सैकड़ो लोग शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन अज्जू राय ने किया।

## पुलिस ने फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**विजय मत, बीना**

हत्या के प्रयास सहित घर मे घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी बीना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी अमन पिता सुरेश अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी जवाहर वार्ड बीना के साथ डब्बू सेन,अभिषेक अहिरवार और उसके तीन साथियो के साथ मिलकर पुरानी बुराई पर से जान से मारने की नियत से कट्टे से फायर कर गोली मारी जो अमन अहिरवार को सीने के पास होकर गुजरी जो फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। उक्त घटना डब्बू उर्फ रोहन पिता मनोज सेन उम्र 26 साल निवासी ग्राम बिलगैंया वार्ड बीना, अभिषेक पिता सुरेश अहिरवार उम्र 22 साल निवासी भीमवार्ड, शैलू उर्फ शैलेन्द्र पिता विष्णु प्रसाद यादव उम्र 22 वर्ष नि. सुभाष वार्ड बीना,अंशू उर्फ अंश पिता गब्बर राय उम्र 20 साल निवासी बिलगैंया वार्ड बीना को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था पांचवा आरोपी रोहन खत्री घटना दिनांक से फरार था । प्रकरण की विवेचना एस डी ओ पी बीना नीतेश पटेल द्वारा की जा रही। दौराने विवेचना फरार आरोपी रोहन खत्री नि. मिशन कम्पाउंड खुरई को गिरफ्तार किया गया। वही, सिरोठिया गेट के पास खिरिया वार्ड बीना में फरियादी अमन अहिरवार को जान से मारने की नीयत से आरोपी डब्बू सेन, अभिषेक पिता गोरलाल अहिरवार, आकाश अहिरवार, अभिषेक अहिरवार,रोहन खत्री, छोटू पाल पुनः गोली मारी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

## खास खबर

### अब पंचायत कमेटी वार्ड कमेटी के रूप में परिवर्तित कर नया गठन होगा

# भारत प्रजातांत्रिक संवैधानिक देश है और रहेगा: सिंह

**विजय मत, सागर**

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के आदेश पर सागर जिले के नव नियुक्त प्रभारी पूर्व विधायक घनश्यामसिंह ने कहा कि संगठन में बदलाव करते हुए नवपद सृजित हुए हैं जिसमे पोलिंग बूथ कमेटी एवं सेक्टर कमेटी को अब पंचायत कमेटी वार्ड कमेटी के रूप में परिवर्तित कर नया गठन होगा। संगठन में नई पीढ़ी और महिलाओं को जोड़ने और आगामी समय में मप्र सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ विधानसभा को घेरने हेतु नवांदोलन की तैयारी करना है। संगठन स्तर पर हर कार्यकर्ता को मजबूत करने संबंधी हम सभी कार्य करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष डा आनंद अहिरवार ने कहा सत्ता से लडने के लिए हमें एकता का परिचय देना होगा पार्टी का एजेंडा हमे सिरोधार्य है और इसे हम संगठन के अंतिम व्यक्ति तक ले जायेंगे जिससे पार्टी की विचारधारा जनजन तक पहुंचे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस को एक प्रस्ताव जिला स्तर से सर्वसम्मति पास कर यह भेजा जाए जिसमे जिले की स्थिति क्या है यह बात नेता प्रतिपक्ष विधानसभा में उठाएं और जिला की समस्याए प्रभारी जाकर संगठन को सूचित करें। बैठक को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत यादव ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जातिगत जनगणना कराने की तथा पिछड़ा वर्ग को जाति अनुपात में आरक्षण देने की बात बार-बार कह रहे हैं यह बात हमें ब्लॉक स्तर पर जाकर इस जनता के बीच कहना होगी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रभारी महोदय जो निर्देश करेंगे हम सब मिलकर इसका पालन करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व शहर अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि संगठन से सेटिंग नाम का शब्द खत्म होना चाहिए संगठन में एकता और मजबूती लाने की दिशा में प्रभारी महोदय को संकल्प सहित सभी से कार्य कराना चाहिए। युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे ने कहा कि अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को महत्व देना होगा। युवा नेता निखिल चौकसे ने कहा कि पार्टी सदस्यों पर बनाए जा रहे फर्जी मामलो को वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को गंभीरता से लेना होगा। सह प्रभारी मनोज कपुर ने कहां कि इतिहास बलिदानियों के लिखे जाते हैं भेड बकरियो के नही हम आप सबकी यहां शिकायतें एवं सुझाव सुनाने आए हैं और पूरी गंभीरता से सुनेंगे कोई भी समय सीमा नहीं है संगठन को मजबूत करने के दिशा में हमें काम करना है। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री पी पी नायक ने कहा कि बीना विधानसभा चुनाव की तैयारी हमें पूरी ताकत से करनी है तथा प्रत्याशी चयन ठीक होना चाहिए हम जीत की स्थिति में है। डा आनंद अहिरवार, प्रभुसिंह ठाकुर नीरज शर्मा सुरेंद्र चौधरी रमाकांत यादव कमलेश साहू जगदीश यादव गुड्डू राजा बुंदेला नारायण प्रजापति तरवर लोधी सुनील जैन जितेन्द्र चावला, संतोष सराफ इंदरसिंह यादव आशु भाई जान रक्षा राजपूत ज्योति पटेल सुरेंद्र सुहाने सुरेंद्र चौबे पीपी नायक ठाकुर दास कोरी रवि सोनी जतिन चौकसे मंचासीन थे, सफल मंच संचालन प्रहलाद पटेल ने किया एवं कार्यक्रम का आभार राजाराम अहिरवार बीना ने व्यक्त किया। बैठक के अंत में सेवादल प्रशिक्षक द्वारका चौधरी की माता जी के आक्समिक निधन पर शोक जताया गया।

## विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**विजय मत, बीना**

रविवार को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य मे सिवल अस्पताल बीना मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया कार्यक्रम आई सी टी सी बीना एवं सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान मे किया गयाद्य कार्यक्रम मे विश्व एड्स दिवस की थींम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार का संदेश प्रसारित करने के लिए रंगोली बनाई गई और सभी को रेड रिबीन लगाकर एचआईवी के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम मे आईसीटीसी परामर्शदाता सविता अहिरवार ने एचआईवी के कारणों और बचावों को समझाते हुए सभी को एचआईवी से बचे रहने की सलाह दी और सभी को प्रेरणा दी एवं एचआईवी एचआईवी के साथ जी रहे लोगों से भेदभाव नहीं करने एवं उन्हे मुख्य धारा मे जोड़ने के लिए कहा। लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना प्रबंधक रोहित तिवारी ने इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार के बारे मे समझाते हुए सभी को जागरूक करने और एड्स जागरूकता सप्ताह मनाने को लेकर जानकारी दी एवं सभी से एचआईवी से बचे रहने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ संजीव अग्रवाल डॉ वीरेंद्र ठाकुर रवि बौद्ध पुष्पा कोरी रत्नेश तिवारी मनोज अहिवार यश कुमार झा गीता सेन दमयन्ती दांगी अंजनी शबाना शालीकराम शिवशंकर विश्वकर्मा नर्श स्टाफ आशा एचडीएफसी बैंक स्टाफ अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे। देर तक आयोजन चला।

## न्यूज इन शॉर्ट

### अतिक्रमण की कार्यवाही से तंग आकर करने लगा था गांजा तस्करी

**भोपाल।** राजधानी पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो अतिक्रमण की कार्यवाही से तंग आकर गांजा तस्करी करने लगा था। उसका ठेला नगर निगम ने तीन बार अतिक्रमण कार्यवाही के दौरान जब्त कर लिया था। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अवधपुरी पुलिस ने उसके पास से हजारो रुपए कीमत का गांजा भी जब्त किया है। थाना पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी की थाना इलाके में बीडीए कॉलोनी में सुशील जोशी नाम का युवक गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह मूल रुप से यूपी के झांसी का रहने वाला है, और कुछ साल पहले काम की तलाश में भोपाल आकर अवधपुरी क्षेत्र में फुल्की का ठेला लगाता था। लेकिन नगर निगम के कर्मचारी कई बार अतिक्रमण के नाम पर उसका ठेला उठा कर ले जाते थे। आखिरकार तंग आकर उसने ठेला लगाना बंद कर झांसी से ही गांजा लाकर भोपाल में बेचने का धंधा शुरू कर दिया। सुशील ट्रेन के जरिये गांजा लाकर उसकी पुड़िया बनाकर शहर में बेचता था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर पुलिस यह जानकारी जुटा रही है कि वह यह गांजा कहॉ से लेकर आता था, और शहर में किन स्थानो पर खपाता था।

### ट्रैन में सवार होते समय महिला के बैग के अंदर रखा बैग चोरी

**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होने के दौरान अज्ञात आरोपियो ने एक महिला के बैग की चेन खोलकर उसके भीतर रखा छोटा पर्स चोरी कर लिया। चोरी गये पर्स में नकदी, जेवरात करीब 75 हजार का सामान रखा था। जानकारी के अनुसार नागपुर की रहने वाली सीमा तुरकर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने पति काशीराम के साथ भोपाल से नागपुर जाने के लिये भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पहुंची थी। यहॉ से दंपत्ति को दक्षिण एक्सप्रेस के कोच एस-6 में सवार होना था। ट्रैन आने पर वह उसमें सवार होने लगी गेट पर भीड़ होने का फायदा उठाकर अज्ञात आरोपी ने उनके बैग की चेन खोलकर अंदर रखा छोटा पर्स उड़ा दिया। मंगलसूत्र, 15 हजार की नकदी, एटीएम कार्ड सहित अन्य जरुरी दस्तावेज रखे थे। अपनी शिकायत के दौरान महिला ने पुलिस को बताया कि ट्रैन आने के पहले दो महिलाये उसके आसपास घूम रही थी, उसे संदेह है, की उन्हीं महिलाओं ने उसका पर्स चोरी किया है। शिकायत दर्ज कर जीआरपी आगे की छानबीन कर रही है।

### चाकू मारकर भागे बदमाश की तलाश जारी

**भोपाल।** शहर के गौतम नगर थाना इलाके में एक बदमाश ने चाकू की नोंक पर युवक का मोबाइल लूटने का प्रयास किया। फरियादी ने जब उसका विरोध करते हुए उसे पकड़ने का प्रयास किया तब बदमाश फरियादी को चाकू मारकर भाग गया। पुलिस हुलिये के आधार पर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार गौतम नगर स्थित नारियल खेड़ा में रहने वाला शुभम सेन पिता कैलाश सेन (20) एक सैलून की दुकान पर नौकरी करने के साथ ही पार्ट टाइम मंडी में भी काम करता है। शुक्रवार अलसुबह करीब पांच बजे मंडी से काम कर वह वापस घर लौट रहा था। रास्तें मे श्रीनगर कॉलोनी के पास उसे एक बदमाश ने रोकते हुए चाकू दिखाकर उसका मोबाइल देने को कहा। शुभम ने उसका विरोध करते हुए मोबाइल देने से मना किया जिस पर बदमाश ने उससे झूमाझटकी करनी शुरु कर दी। अपने बचाव में शुभम भी उससे भिड़ गया और उसे दबोच लिया। बदमाश ने अपने बचाव में शुभम के पैर और कान के पा चाकू का वार किया जिससे उसके खून निकल गया। फरियादी के घायल होने पर बदमाश उसकी गिरफ्त से छूटकर फरार हो गया। बाद में थाने पहुंचे फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ मारपीट का मामला कायम किया है।

### रिटायर्ड महिला डाक्टर को डिजिटल अरेस्ट करने वाले ठगों की तलाश सायबर क्राइम ब्रांच करेगी

**भोपाल।** अवधपुरी में रहने वाली रिटायर्ड महिला डाक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर साढ़े 10 लाख की ठगी करने वाले जालसाजों की तलाश अब सायबर क्राइम ब्रांच करेगी। फिलहाल पुलिस के पास जालसाजों के दो मोबाइल नंबर और एक बैंक एकाउंट की जानकारी है। दोनों ही मोबाइलों की कॉल डिटेल के साथ ही पुलिस उस एकांउट की भी जानकारी जुटा रही है, जिसमें रकम ट्रांसफकर की गई है। जानकारी के अनुसार रिटायर्ड डॉक्टर रागिनी मिश्रा (65) अपने पति डॉक्टर महेश मिश्रा के साथ अवधपुरी स्थित रीगल पैराडाइज में रहती हैं। बीते बुधवार को उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। ठग ने खुद को महाराष्ट्र पुलिस का अधिकारी बताते हुए नंबर ब्लाक करने की जानकारी दी। डाक्टर रागिनी ने जब कारण पूछा तो बताया गया कि आपके केनरा बैंक एकाउंट में एक एयरवेज कंपनी की तरफ से 473 करोड रुपये का लेन-देन किया गया है, जो मनी लॉड्रिंग की श्रेणी में आता है। डाक्टर ने कहा कि वह बैंक एकाउंट उनका नहीं है, इस पर जालसाज ने सीबीआई के नाम पर उन्हें धमकाते हुए डिजिटल अरेस्ट कर लिया।

# मप्र में 20 दिसंबर से कड़ाके की ठंड, उत्तर भारत से आएंगी बर्फीली हवाएं

## 22 दिन कोल्ड वेव, बारिश भी

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश में 20 दिसंबर से कड़ाके की ठंड का दौर आएगा, जो जनवरी तक बना रहेगा। इन्हीं 40 दिन में 20 से 22 दिन कोल्ड वेव यानी सर्द हवाओं की भी स्थिति रह सकती है। सबसे ज्यादा सर्दी उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में रहेगी। वजह यहां बर्फीली हवाओं का सीधे आना है। दूसरे पखवाड़े में ही मावठा यानी बारिश भी हो सकती है। नवंबर में सर्दी रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। भोपाल में तो 36 साल का रिकॉर्ड टूटा है। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी पारा सामान्य से 7



डिग्री तक नीचे रहा लेकिन कड़ाके की ठंड दिसंबर में ही पड़ेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया- इस बार ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे। यहां कोल्ड वेव यानी सर्द हवाएं भी चलेंगी।

### भोपाल में 3.1 डिग्री रिकॉर्ड हो चुका तापमान

भोपाल में दिन-रात ठंड और बारिश का ट्रेंड रहा है। 10 में से पिछले 5 साल से भोपाल दिसंबर में भीग रहा है। आधा से पौन इंच तक बारिश हो गई। इस बार भी बारिश होने के आसार हैं। दिसंबर में ठंड की बात करें तो 11 दिसंबर 1966 की रात में पारा 3.1 डिग्री पहुंच गया था। यह अब तक का ओवरऑल रिकॉर्ड है। 3 साल पहले 2021 में पारा 3.4 डिग्री पहुंच चुका है।

### 20-22 दिन चल सकती है कोल्ड वेव

मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि दिसंबर के आखिरी सप्ताह में प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड वेव यानी सर्द हवाएं चलेंगी। जनवरी में यह 20 से 22 दिन तक चल सकती है। उन्होंने कहा-पिछले 3 से 4 साल की बात करें तो दिसंबर-जनवरी में ज्यादा ठंड पड़ी है। पिछले साल दिसंबर में आखिरी 10 दिन में ठंड की शुरुआत हुई थी। 20 जनवरी तक कड़ाके की ठंड रहती है। अनुमान के मुताबिक, इस बार पिछले साल से ज्यादा ठंड पड़ेगी।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा सर्दी रहेगी


- ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। यहां बर्फीली हवाएं सीधे आएंगी।
- भोपाल संभाग के सीहोर-विदिशा में ठंड का जोर रहेगा।
- सागर संभाग के निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़-पन्ना, रीवा संभाग के मऊगंज, सीधी-सिंगरौली में तेज ठंड पड़ेगी।
- जबलपुर संभाग के मंडला-डिंडौरी, इंदौर संभाग के इंदौर, धार और झाबुआ में कड़ाके की ठंड रहेगी।

**जहरीले कचरे का निस्तारण अब तक नहीं हुआ, पुनर्वास राशि में 129 करोड़ खर्च नहीं हो पाए**

# भोपाल गैस त्रासदी के 40 वर्ष बाद भी धरती के नीचे दफन है जहरीला कचरा

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल गैस त्रासदी के 40 वर्ष इसी तीन दिसंबर को पूरे होने जा रहे हैं, पर गैस पीड़ितों को लेकर सरकारी वादों और जमीनी स्थिति में बहुत अंतर है। इतने वर्ष बाद भी जहरीला कचरा यूनियन कार्बाइड परिसर में दफन है। इस कारण भूजल प्रदूषित होने की बात सत्यापित हो चुकी है। वर्ष 2018 में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टाक्सिकोलाजी रिसर्च लखनऊ की रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आ चुका है।




### गड्ढे बनाकर जहरीला रासायनिक कचरा दबाया

गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता रचना ढींगरा ने बताया कि त्रासदी के पहले परिसर में ही गड्ढे बनाकर जहरीला रासायनिक कचरा दबा दिया जाता था। इसके अतिरिक्त परिसर में बनाए गए तीन छोटे तालाबों में भी पाइप लाइन के माध्यम जहरीला अपशिष्ट पहुंचाया जाता था। इस कचरे की कोई बात ही नहीं हो रही। कारखाने में रखे कचरे को नष्ट करने के लिए 126 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसे पीथमपुर में जलाया जाना है।

### पुनर्वास के लिए मिली राशि में 14 वर्ष बाद खर्च नहीं हो पाए 129 करोड़ रुपये

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गैस पीड़ितों के पुनर्वास के लिए वर्ष 2010 में 272 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। इसमें 75 प्रतिशत राशि केंद्र व 25 प्रतिशत राज्य सरकार की थी। इसमें भी 129 करोड़ रुपये आज तक खर्च नहीं हो पाए हैं। गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग आज तक इस राशि को खर्च करने की योजना ही नहीं बना पाया है। आर्थिक पुनर्वास के लिए 104 करोड़ रुपये मिले थे। इसमें 18 करोड़ रुपये स्वरोजगार प्रशिक्षण पर खर्च हुए बाकी राशि बची है। सामाजिक पुनर्वास के लिए 40 करोड़ रुपये मिले थे, जिसमें गैस पीड़ितों की विधवाओं के लिए पेंशन का भी प्रविधान है। 4399 महिलाओं को पेंशन मिल रही हैं। वर्ष 2011 से यह राशि एक हजार है जिसे बढ़ाया नहीं गया है। न ही किसी नए हितग्राही को शामिल किया गया है।

### भूजल में हेवी मेटल, आर्गनो क्लोरीन

रिपोर्ट के अनुसार यूनियन कार्बाइड परिसर के आसपास की 42 बस्तियों के भूजल में हेवी मेटल, आर्गनो क्लोरीन पाया गया था, जो कैंसर और किडनी की बीमारी के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। इसके बाद इस क्षेत्र में नर्मदा जल की आपूर्ति सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर की जा रही है। आशंका है इन कालोनियों के अतिरिक्त प्रदूषित भूजल आगे पहुंच गया हो पर वर्ष 2018 के बाद जांच ही नहीं कराई गई। गैस पीड़ित संगठन के कार्यकर्ताओं का दावा है कि रैपिड किट से उन्होंने इनके अतिरिक्त कारखाने की साढ़े तीन किमी की परिधि में आने वाली 29 अन्य कालोनियों में भी जांच की तो आर्गनो क्लोरीन मिला है, पर कितना मात्रा में है इसकी जांच बड़े स्तर पर सरकार द्वारा कराने की आवश्यकता है।

# इस महीने के अंत में हो सकता है मोहन कैबिनेट का विस्तार

» वन विभाग पाने कई नेता सक्रिय, नागर ने भी जताई मंशा

**विजय मत, भोपाल**



विजयपुर उपचुनाव में वन मंत्री रामनिवास रावत की हार और उनके इस्तीफे के बाद वन विभाग को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। वन मंत्रालय की अहमियत के चलते भोपाल से दिल्ली तक नेताओं के बीच लॉबिंग तेज हो गई है। हालांकि, जानकारों का कहना है कि अब कैबिनेट विस्तार दिसंबर अंत या जनवरी में ही होने की संभावना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक दिसंबर को विदेश यात्रा से लौटेंगे। इसके बाद ही कोई निर्णय होने की भी बात कही जा रही है। वन विभाग पहले मंत्री नागर सिंह चौहान के पास था। उनसे ही यह विभाग लेकर रावत को सौंपा गया था। अब नागर दोबारा वन मंत्री बनना चाह रहे हैं। वह कई जगह पर मीडिया को कह चुके हैं कि कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि मैं वन मंत्री बनूं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संगठन जो जिम्मेदारी देगा, उसे निभाऊंगा। सूत्रों के अनुसार, दिसंबर अंत या जनवरी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल कर सकते हैं। इसके अलावा निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियों पर भी निर्णय होने की संभावना है।

### ये नेता भी लगा रहे जोर

वन विभाग के दावेदार नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकातों का सिलसिला तेज कर दिया है। मंत्री नागर सिंह चौहान, विजय शाह समेत अन्य मंत्री और विधायकों के दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने की चर्चा है। इसके अलावा मंत्री राकेश शुक्ला, गौतम टेटवाल, कृष्णा गौर के नाम की भी चर्चा है। वहीं, वरिष्ठ विधायक में गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह और संजय पाठक भी मंत्री बनने के लिए जोर लगा रहे हैं।

### इसलिए है वन विभाग की अहमियत ज्यादा

वन विभाग को प्रदेश का सबसे महत्वपूर्ण विभाग माना जाता है, क्योंकि इसमें वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यावरणीय मंजूरी जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं। यह बजट के हिसाब से भी बड़ा है। करीब छह हजार करोड़ के बजट वाले विभाग में केंद्र सरकार से केंपा फंड और अन्य योजनाओं के तहत हर साल भारी बजट मिलता है, जिससे इसकी महत्ता और बढ़ जाती है।

# मध्य प्रदेश में गौपालन बनेगा लाभ का धंधा

**दूध उत्पादन में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए पशुपालन को बढ़ावा देने की तैयारी**

**विजय मत, भोपाल**

मप्र में खेती-किसानी के साथ ही सरकार गौपालन को भी लाभ का धंधा बनाने जा रही है। दरअसल, सरकार का फोकस प्रदेश में दूध उत्पादन पर है। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के दूध उत्पादन में मप्र की 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए पशुपालन को बढ़ावा पर जोर दिया है। इसके मद्देनजर पशुपालन विभाग के तैयारी शुरू कर दी है और प्रस्ताव बनाया है। पशुपालन विभाग के प्रस्ताव पर कैबिनेट की मंजूरी इस मामले में निर्णायक साबित हो सकती है।



गौरतलब है कि दुग्ध उत्पादन में मप्र का स्थान पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश और राजस्थान के बाद आता है। राष्ट्रीय डेयरी बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक देश में कुल दुग्ध उत्पादन 230.58 मिलियन टन है। जिसमें मप्र की भागीदारी मात्र 8.73 प्रतिशत है।

### नगरीय क्षेत्रों में बनाई जा रही गौशालाएं

आवारा गौवंश पर नियंत्रण और संरक्षण के लिये नगरीय क्षेत्रों में जहां गौशालाएं बनाई जा रही है, वहीं दुग्ध बिक्री पर बोनस भी देने का निर्णय लिया जा चुका है। चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाए जा रहे है। प्रदेश में संचालित 2500 गौ-शालाओं में 4 लाख से अधिक गौ-वंश का पालन किया जा रहा है। राजधानी के बरखेड़ी डोब क्षेत्र में 10 हजार गौ-वंश क्षमता वाली हाइटैक गौ-शाला बनाई जा रही हैं।

### गाय पालने पर ऋण, बछिया बेचने पर बोनस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का फैसला किया है। इसके तहत भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक से गायों के नस्ल सुधार कार्यक्रम को बढ़ावा दिया गया है। वहीं, अब गौपालन के लिए पशुपालकों को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई गई है। जिसके बाद उन्नत नस्ल की गाय पालने पर बैंक ऋण मुहैया कराएंगे तथा बछिया बेचने पर सरकार द्वारा बोनस भी दिया जाएगा। किसानों को भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक और आईवीएफ से पैदा हुई उन्नत नस्ल की बछिया उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही इनकी कीमत नस्लों के अनुसार तय की जाएगी। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पशुपालन विभाग द्वारा नस्ल सुधार पर जोर दिया जा रहा है।

**शहर में फिर सामने आया धर्मांतरण कराने का मामला**

# बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, जांच के बाद दोषियों के खिलाफ होगी कार्यवाही

**विजय मत, भोपाल**

राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र बाग सेवनिया इलाके में धर्मांतरण कराये जाने से जुड़ा मामला सामने आया है। बताया गया है कि यहॉ एक शिवाशंकर नाम के व्यक्ति के मकान में काफी लोगो को प्रार्थना के बहाने जमा किया गया। इसकी सूचना मिलनेपर बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। मौके पर जमकर हंगामा हो गया और मामला पुलिस तक जा पहुंचा। मिली जानकारी के मुताबिक बाग सेवनिया क्षेत्र के संजय नगर में शिवांकर नाम के व्यक्ति के घर प्रार्थना के नाम पर आसपास रहने वाले करीब 50 लोगों को जमा किया गया था। उस समय शिवांकर के साथ तीन अन्य युवक भी वहां मौजूद थे। सूचना मिलने पर पहुंचे बजरंग दल के भेल एरिया प्रमुख भगवान सिंह परमार का कहना है, यहॉ पहुंचने पर उन्हें जानकारी मिली कि शिवांकर के मकान में कई महीनो से ईसाई धर्म का प्रचार करने के लिये प्रार्थना के बहाने बुलाया जा रहा था। प्रार्थना की आड़ में यहॉ आये भोले-भाले और



आर्थिक रुप से कमजोर परिवारो को हर सप्ताह खर्च के लिए पैसा देकर उनका ब्रेनवॉश कर धर्मांतरण करने के लिये प्रेरित किया जा रहा था। इसके लिये उन्हें ईसाई धर्म से जुड़ी सामग्री भी दी जाती थी। संगठन सदस्यो का आरोप है कि कई लोगो के पास से धर्मांतरण के लिए प्रेरित किए जाने वाले दस्तावेज भी मिले हैं। बजरंगदल सदस्यो का कहना है, यहॉ जमा लोगो में एक परिवार ऐसा भी है, जिसके बीमार बच्चे के इलाज के नाम पर उसकी मदद की गई, और फिर उन्हें अच्छा पढ़ाने और नौकरी लगवाने का झांसा देते हुए खर्च की रकम भी दी जाने लगी।

**खास-खबर** स्नैपडील का कर्मचारी बन लिंक दिया, 1.5 लाख निकाले

# भोपाल के 37 थानों में साइबर हेल्प डेस्क शुरू, पहली शिकायत रिटायर्ड अधिकारी ने की

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल के सभी 37 नगरीय थानों में रविवार, 1 दिसंबर को साइबर हेल्प डेस्क की शुरुआत हुई। हबीबगंज थाने में हॉर्टीकल्चर डिपार्टमेंट के रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्ट की ने नई व्यवस्था में पहली शिकायत दर्ज कराई। रिटायर्ड अधिकारी जय गोविंद (65) हबीबगंज की लाला लाजपतराय सोसाइटी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि स्नैपडील से 250 रुपए का एक प्रोडक्ट ऑर्डर किया था। तय समय में डिलीवरी नहीं होने पर गूगल से स्नैपडील का नंबर सर्च किया।

इस नंबर पर कॉल किया, तो सामने वाले ने खुद को स्नैपडील कॉल सेंटर का कर्मचारी बताया। बोला कि आपने जो ऑर्डर दिया था, उसका अमाउंट ऑनलाइन जमा करना था। रुपए हमारी कंपनी के पास नहीं पहुंचे हैं। रिटायर्ड



अधिकारी के मुताबिक, उन्होंने उसे बताया कि रुपए ट्रांसफर कर चुका हूं। इस पर उसने मदद के नाम पर एक वेब लिंक सेंड किया। बताया कि इसे ओपन कीजिए, जैसा बताया जा रहा है, वैसा करें।

### 5 लाख रुपए तक के फ्रॉड की शिकायत कर सकेंगे

भोपाल में साइबर क्राइम बढ़े हैं, इस वजह से इनकी शिकायतें भी पेंडिंग हैं। इसी वजह से साइबर हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई है। पीड़ित 5 लाख रुपए तक के फ्रॉड की शिकायत कर सकेंगे। जल्द शिकायत होने से पीड़ित का पैसा साइबर पुलिस फौरन एक्शन में आकर होल्ड करा लेगी। इससे रिफंड होने की संभावना बढ़ जाती है।

### 3 बार में खाते से निकाली रकम

रिटायर्ड अधिकारी के लिंक ओपन करने और इसके इंस्ट्रक्शन फॉलो करने पर उनके अकाउंट से 3 बार में 1.50 लाख रुपए कट गए। उन्होंने आरोपी के नंबर पर दोबारा कॉल किया, तो कॉल लगा ही नहीं। मालूम हुआ कि आरोपी स्नैपडील का कर्मचारी नहीं है। उन्होंने ऑर्डर 15 सितंबर को किया था। 19 सितंबर को उनके साथ ठगी की वारदात हुई थी।

### 400 पुलिकसर्मियों पर साइबर हेल्प डेस्क की जिम्मेदारी

पुलिस कमिश्नर हरीनारायणचारी मिश्रा ने हबीबगंज थाने में साइबर हेल्प डेस्क का इनॉग्रेशन किया। हेल्प डेस्क की जिम्मेदारी 400 पुलिस कर्मचारी संभालेंगे। इन सभी पुलिसकर्मियों 6 दिन की ट्रेनिंग दी गई।

### झांसी से पासपोर्ट बनवाने आये बाइक सवार युवको को रौंदने वाला बस चालक गिरफ्तार

**भोपाल।** एमपी नगर थाना इलाके में स्थित होटल रेसीडेंसी के पास बाइक सवार युवकों को रौदंने वाले फरार बस चालक दीपक गंगराड़े (52) निवासी कोलार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ड्राइवर ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने आए बच्चों को टीटी नगर से बस में लेकर एमपी नगर होटल में छोड़ने आया था। एमपी नगर थाने के सामने चौराहा पर सिग्नल लाल होने पर उसने बस को रोका लेकिन आगे एमपी नगर थाने के सामने ढलान पर बस उतारते समय बस के ब्रेक फेल हो गए थे। उसने बस को नियत्रिंत करने का काफी प्रयास करते हुए कई वाहनों को लगातार हॉर्न बजाकर बचाते हुए बस होटल रेसीडेंसी की तरफ उतार दी थी। तभी बाइक पर सामने जा रहे दो युवक बस की चपेट में आ गए।

**1 लाख छात्र प्रभावित होगे, यूनिवर्सिटी ने दिसंबर में कराने का दावा किया**

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाएं अब तक शुरू नहीं

**विजय मत, भोपाल**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) द्वारा अंडर ग्रेजुएट कोर्स की परीक्षा और रिजल्ट देने में लेटलतीफी की जा रही है। इसके साथ पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के छात्र भी समय पर परीक्षाओं और रिजल्ट को लेकर परेशान रहते हैं। बीयू ने पिछले सत्र 2023-24 के तहत पीजी की सेमेस्टर परीक्षाओं के रिजल्ट नवंबर माह तक जारी किए। ऐसे में अब नए सत्र भी प्रभावित होने लगा है।

एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार सत्र 2024-25 की परीक्षाएं 12 दिसंबर तक खत्म होनी चाहिए, लेकिन अब तक परीक्षाएं शुरू नहीं हो सकी हैं। इसका सीधा असर पीजी के एक लाख से ज्यादा विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। हालांकि



विश्वविद्यालय के अधिकारी सभी कोर्स की सेमेस्टर परीक्षाएं दिसंबर में हर हालत में कराने का दावा कर रहे हैं। इनमें संबद्ध कॉलेजों के लिए पीजी एमए, एमकॉम, एमएससी के फर्स्ट और थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू कराई जाएंगी। इनके टाइम टेबल भी जारी कर दिए हैं। इसके बाद बीएएलएलबी के फर्स्ट, थर्ड, फिफ्थ आदि सेमेस्टर, एलएलबी के फर्स्ट से थर्ड और फिफ्थ व एलएलएम फर्स्ट और थर्ड की परीक्षाएं शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। इनके बाद एमबीए और बीएड की परीक्षा होगी। इन प्रोफेशनल कोर्सेस के टाइम टेबल जारी नहीं हो सके हैं।

विवि प्रशासन संबद्ध कॉलेजों की परीक्षा पहले करा रहा है। इसके बाद यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) के छात्रों की परीक्षा कराएगा। जबकि यूटीडी में छात्रों की संख्या कॉलेज के छात्रों से बहुत कम होती है। इसके छात्र-छात्राओं के नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

कॉलेज प्रोफेसर्स का कहना है कि उच्च शिक्षा विभाग एडमिशन के समय ही एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया जाता है। इसमें परीक्षाएं कब करानी है। कब रिजल्ट घोषित किए जाने हैं। इनकी तारीखें बता दी जाती हैं। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन इसके अनुसार टाइम टेबल जारी नहीं कर पाता।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# दहेज ही सबसे बड़ी योग्यता, दहेज की बलि चढ़ती बेटियां?

नरेन्द्र भारती

दहेज का दानव प्रतिदिन बेटियों को निगल रहा है दहेज के दानव का खात्मा करना होगा द्य आज भले ही लडकी कितनी भी उच्च शिक्षित हो मगर पहली शर्त यही होती है कि यहां से कितना दहेज मिल सकता है दहेज ही सबसे बड़ी योग्यता बन गई हैं। विश्व गुरु कहलाने वाले भारत में बढ़ रही दहेज की संस्कृति को रोकना होगा।प्रतिदिन दहेज के लालचियों द्वारा बेटियों को दहेज की बलि चढ़ाया जा रहा है।देश के हर राज्य में दहेज के मामले प्रकाश में आ रहे हैद्य दहेज हत्याओं की बढती घटनाएं अशुभ सकेत है आखिर दहेज हत्याऐ क्यों नहीं रुकती है यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है।भारत में दहेज हत्याओं की प्रतिशतता दर बढ़ती ही जा रही हे 18 से 20 वर्ष की लड़कियों की संख्या के ज्यादा मामले प्रकाश में आ रहे हैं।इकलौती बेटियां बलि चढ़ाई जा रही है।समझ नहीं आता कि समाज के लोग चुप क्यों है अगर आज दूसरों की बेटी जलानें के मामले में चुप है मगर कल जब उनकी बेटियों के साथ ऐसा होगा तब भी क्या चुप रहेगें।समाज को इन लोभियों का खात्मा करना होगा। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड व्यूरों में दर्ज मामले चैकानें वाले है हर वर्ष इन घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं।कानूनों का उल्लघन हो रहा है।दहेज प्रथा की जड़े गहरी होती जा रही है अगर समय रहते इन जड़ों को काटा नहीं गया तो बाद में पछतानें के सिवाय कुछ हासिल नहीं होगा।आज गरीबों की बेटियों को दहेज के लिए मारा जा रहा है।दहेज लोभियों को जमानतों पर छोड़ा जा रहा है।पैसें के बल पर जेलों से रिहा हो रहे है।फिर न्याय की उम्मीद किस से करें।गरीब आदमी कुछ नहीं कर पा रहे है।न्याय के लिए भटक रहे है पर न्याय नहीं मिल रहा है।दहेज लालची अपने बिगडैल लाडलों की दूसरी शादियां कर रहे हैं।विडम्बना देखिए की लोग इन अपराधियों से अपनी बेटियों की शादियां कर रहे है।समाज को ऐसे लोगों का बहिष्कार करना चाहिए जो दहेज के लिए मार चुके अपराधियों को अपनी बेटियां सौंप रहे है।ऐसे लोगों को तब होश आएगा जब उनकी बेटियां भी मौत के घाट उतारी जाएगी।ऐसे लोग समाज पर कलंक है जो दहेज लोभियों का साथ देते है। दहेज की प्रताड़नाओं से दुखी होकर बेटियां आत्महत्या कर रही है छोटे-छोटे व दूधमुहें बच्चे-बच्चियां छूट रहे है। बिना मां के इन मासूम बच्चों का जीवन नरक बन रहा है।क्योकि दहेज लोभी दूसरी शादियां कर रहे है।फिर इन बच्चों को नारकीय जीवन जीनें के लिए मजबूर होना पड़ता है।कानून के अनुसार दहेज लेना व देना कानूनी जुर्म है मगर इस नियम की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।आज लोग भारी-भरकम दहेज दे रहे हैं जिस कारण यह प्रचलन दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।गरीब लोग दहेज देने में असमर्थ है नतीजन ससुराल पक्ष के लोग उन्हे प्रताड़ित करते हैं।देश का कोई भी राज्य इस दहेज की बीमारी से अछूता नहीं है हर राज्य में दहेज हत्याओं के मामले घटित हो रहे हैं।सामाजिक संस्थाएं भी ऐसे मामलों पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है वे भी कुछ मामलो को ही तरजीह देती है दहेज हत्याओं का ग्राफ घटनें के बजाए निरंतर बढता ही जा रहा है। कानून का लचीलापन तथा सरकारें इसके लिए जिम्मेवार हैं।आज पंजाब ,हरियाणा, हिमाचल व उतर प्रदेश,राजस्थान जैसे राज्यों मे प्रतिदिन ऐसे मामले हो रहे है। मुम्बई, कोलकाता ,दिल्ली व चैन्नई जैसे महानगरों में तो ऐसे मामले हदें पार कर चुके हैं क्योकि यहां हर दिन दहेज हत्याएं होती है । मगर दहेज के लोभियों पर कोई सख्त कारवाई नहीं हो रही है नतीजन यह प्रथा विकराल रुप धारण करती जा रही है यदि सरकारें इन दहेज के लालचियों पर शिकंजा कसे तो इस प्रथा को रोका जा सकता हे मगर राज्य सरकारें हाथ पर हाथ धरे तमाशा देख रही हैं।दहेज न देने के कारण आज गरीब लड़कियों की शादीआं नहीं हो रही है क्योकि आज लोग दहेज के लालची हो गए हैं।आज लोग अपनी जमीन-जायदादे तथा सोने-चांदी के आभूषणों को गिरवी रखकर दहेज दे रहे है साहूकारों से पैसा उधार लेकर बेटियों के हाथ पीले कर रहे है ताकि शादी हो सके उसके बाद भी लालचियों का पेट नहीं भरता है। उसके बाद भी और दहेज लाने के लिए तंग करते हैं। अमीर व साधन-संपन्न लोग लाखों रुपयों का दहेज देते है मगर इसकी मार प्रत्यक्ष रुप से गरीबों पर पड़ रही है लोग देखा-देखी में ज्यादा से ज्यादा दहेज दे रहे है। धन्नासेठ इतना दहेज देते है कि उसकी कीमत लाखों में होती है। अक्सर देखा गया है कि कई रईस लोग नकद पैसा भी देते हैं। कार व कोठी तक देते हैं। जबकि संस्थाओं को ऐसे लोगों को कटघरे में खड़ा करके सजा दिलवानी चाहिए ताकि आने वाले समय में दहेज प्रथा पर पूर्ण रुप से प्रतिबन्ध लगाया जा सके। क्यांकि राजनेता से लेकर धन्नासेठ इतना दहेज देते है कि उसकी कीमत लाखों में होती है। अक्सर देखा गया है कि कई रईस लोग नकद पैसा भी देते हैं। कार व कोठी तक देते हैं। दहेज के विरुद्ध कुछ वर्ष पहले मेरठ की एक बहादुर लडकी निशा ने दहेज के लोभियों को ऐसा सबक सिखाया था कि उन्हे ताउम्र सबक याद रहेगा निशा एक मिसाल बन गई थी जब उसने बारात को वापिस भेजा ओर दहेज के लालचियों को पुलिस के हवाले करके हवालात भिजवाया था निशा के इस जज्बे को पूरा भारत सलाम करता है कि यदि हर लडकी निशा जैसा संबल दिखाए तो इस प्रथा का अंत हो जाएगा।सरकारों को इन मामलों को अनदेखा नहीं करना चाहिए।दहेज के कारण आज बेटियों का जीवन बरवाद हो रहा है कई घरों की इकलौती बेटियां दहेज की बलि चढ़ाई जा रही हैं। सरकारों को एक ऐसी कमेटियां गठित करनी चाहिए कि जो लोगों को जागरुक कर सके ताकि एकजुट होकर इस प्रथा के खिलाफ कदम उठ सकें। समाज को इस कुरीती के विरुद्ध खड़ा होना पड़ेगा तब इस पर विराम लग सकता है।दहेज के लिए मानव से दानव बन चुके इन लोगों को सजा ए मौत देनी चाहिए।सरेआम चोराहो पर सजा देनी चाहिए ताकि समाज के दूसरे लोग भी सबक सीख सकें। अगर अब भी सरकारों से लापरवाही बरती तो दहेज हत्याएं होती रहेगी। निति-नियंताओं को चाहिए कि इस पर रोक लगाने के लिए कारगर कदम उठाएं ताकि इस दहेज के दानव से निजात मिल सके।वक्त अभी संभलने का है।दहेज विरोधी संस्थाओं को ऐसे लोगों को कटघरे में खड़ा करके सजा दिलवानी चाहिए ताकि आने वाले समय में दहेज प्रथा पर पूर्ण रुप से प्रतिबन्ध लगाया जा सके। सरकार के कानून फाईलों की धूल चाटते रहेगें दहेज के नाग बहु-बेटियों को काटते रहेंगें।समाज को आगे आना होगा, दहेज प्रथा को जड़ से मिटाना होगा समाज में जब तक यह दहेज संस्कृति पलती रहेगी। तब तक हर रोज किसी की मां किसी की बेटी,किसी की बहन दहेज के लिए जलती रहेगी द्य समाज एकजुट होकर इस बुराई को खत्म कर सकता है।



(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

> दहेज प्रथा ने आज इतना भयानक रुप धारण कर लिया है कि समाज का प्रत्येक वर्ग इसके कारण दुखी है इसकी भयानकता का प्रमाण प्रतिदिन हो रही घटनाओं में साक्षात नजर आ रहा है। आज सोना 77350 रूपये और चांदी 90297 हो चूका है द्य गरीब लोग कहाँ से ज़ेवर देंगें द्य सरकार को सख्त क़ानून बनाना होगा तभी यह आभिशाप मिट सकता है द्य दहेज उन्मूलन के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपया खर्च किया जाता है सैमीनार लगाए जातें है रैलियां निकाली जाती है नारे लिखे जाते है, मगर नतीजा कुछ नहीं निकलता। जो जनता के मसीहा ऐसे कानून बनाते है वही लोग इसका सरासर उल्लघन करते हैं।बेशक देश में दहेज के खिलाफ ढेरों कड़े कानून बनाए है मगर यह कानून फाईलों की धूल चाट रहे हैं। पिछले बीते दस सालों के यह आंकडे बहुत ही खौफनाक तस्वीर प्रस्तूत कर रहे हैं। आज बेटियों को जलाया जा रहा है यातनाएं दी जा रही हैं ऐसे कई रुह कंपा देने वाले मामले हर रोज देखने को मिल रहे हैं। गरीब घरों की बेटियां चारदीवारी के अन्दर ही अन्दर घूटती रहती है उनकी सिसकियां देखने वाला कोई नहीं है क्योकि उन्हे डर होता है कि यदि विरोध किया तो न घर की रहेगी न घाट की रहेगी इसलिए चुपचाप नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

## वैश्विक व्यापार पर ट्रंप की धमकी और उसके निहितार्थ

अमेरिका के दोबारा राष्ट्रपति बनने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को धमकी भरे स्वर में चेतावनी दे डाली है कि यदि ये देश अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने या अपनी स्वतंत्र मुद्रा लाने का प्रयास करेंगे, तो वे उनके उत्पादों पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे। वैसे तो ट्रंप की धमकी उन नौ देशों के लिए है जो ब्रिक्स गठबंधन का हिस्सा हैं। ब्रिक्स समूह यानी ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका वर्तमान वैश्विक शासन प्रणाली में एक महत्वपूर्ण उभरती हुई ताकत की हैसीयत रखता है। यही वजह है कि ब्रिक्स 2024 में मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हुए, जिसने संगठन के बढ़ते अधिकार और अंतरराष्ट्रीय मामलों में इसकी भूमिका को रेखांकित कर दिया है। ऐसे में दुनिया की खुद को महाशक्ति बताने और बनाने के लिए सदा तैयार रहने वाले अमेरिका की चिंता समझ आती है। अमेरिकी डॉलर लंबे समय से वैश्विक व्यापार की प्रमुख मुद्रा रही है, लेकिन ब्रिक्स देशों ने इसे अब चुनौती देने का इरादा जाहिर किया है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इन देशों ने एक कॉमन करेंसी बनाने का प्रस्ताव रखा था। इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी डॉलर पर वैश्विक निर्भरता को कम करना और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। रूस और चीन तो विशेष रूप से डॉलर पर निर्भरता घटाने के प्रयास में काफी लंबे समय से लगे हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तो अमेरिका पर डॉलर को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने जैसा गंभीर आरोप भी लगाया है। इसके साथ ही रूस ने एक वैकल्पिक वैश्विक भुगतान प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे पश्चिमी प्रतिबंधों से बचा जा सके। ऐसे हालात में अमेरिका के भावी राष्ट्रपति ट्रंप ने जो धमकी दी है उसाका विशेष प्रभाव भारत जैसे विकासशील देशों पर पड़ना तय है। दरअसल अमेरिका भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

## कर्म की प्रेरणा देने वाला नृत्य है करमा

### संभावना गतिविधि में हो रही हैं नृत्य प्रस्तुतियां

घनश्याम सिरसाम



जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 1 दिसंबर को सुश्री हास्यकुमारी मरावी एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा गोण्ड जनजातीय करमा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। करमा, कर्म की प्रेरणा देने वाला लोकनृत्य है। ग्रामीणों में श्रम का महत्व है, श्रम को ही ये कर्मदेवता के रूप में मानते हैं। पूर्वी मध्यप्रदेश में कर्मपूजा का उत्सव मनाया जाता है। उसमें करमा नृत्य किया जाता है, परन्तु विन्ध्य और सतपुड़ा क्षेत्र में बसने वाले जनजातीय कर्मपूजा का आयोजन नहीं करते। नृत्य में युवक-युवतियाँ दोनों भाग लेते हैं, दोनों के बीच गीत रचना की होड़ लग जाती है। वर्षा को छोड़कर प्रायः सभी ऋतुओं में गोंड जनजातीय करमा नृत्य करते हैं। यह नृत्य जीवन की व्यापक गतिविधि के बीच विकसित होता है, यही कारण है कि करमा गीतों में बहुत विविधता है। वे किसी एक भाव या स्थिति के गीत नहीं है उसमें रोजमर्रा की जीवन स्थितियों के साथ ही प्रेम का गहरा सूक्ष्म भाव भी अभिव्यक्त हो सकता है। मध्यप्रदेश में करमा नृत्य-गीत का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। सुदूर छत्तीसगढ़ से लेकर मंडला के गोंड और बैगा जनजातियों तक इस नृत्य का विस्तार देखने को मिलता है। अगले क्रम में श्री परमानंद केवट एवं साथी, विदिशा द्वारा ढिमरियाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने संग्रहालय परिसर में नृत्य प्रस्तुति दी। ढिमरियाई बुन्देलखण्ड की ढीमर जाति का पारम्परिक नृत्य-गीत है। इस नृत्य में मुख्य नर्तक हाथ में रेकड़ी वाद्य की सन्निधि से पारम्परिक गीतों की नृत्य के साथ प्रस्तुति देते हैं। अन्य सहायक गायक-वादक मुख्य गायक का साथ देते हैं। जनजातीय संग्रहालय में हर रविवार को दोपहर 2 बजे से यह गतिविधि आयोजित होती है। इसमें प्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परम्पराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी दर्शकों को प्राप्त होगा। सभी प्रस्तुतियां संग्रहालय परिसर में ही होंगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## प्रौद्योगिकी के नए युग में बच्चों पर पढ़ने वाले मानसिक शारीरिक व भावनात्मक प्रभावों को रेखांकित करना जरूरी

किशन सनमुखदास भावनानी

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में संसद के शीतकालीन सत्र 2024 की शुरुआत 25 नवंबर 2024 से हुई जिसमें उद्योगपति मामले में हंगामें के चलते 29 नवंबर 2024 तक यांने चार दिन में मात्र 40 मिनट ही कार्रवाई चली औसतन प्रतिदिन 10 मिनट तक कार्यवाही चली,अब दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर 2024 तक स्थगित कर दी गई है, इस बीच राज्यसभा में सभापति ने कहा, यह करनी लोकहित केंद्रित नहीं हैं। ये लोगों की पसंद के बिल्कुल प्रतिकूल हैं, हम अप्रासंगिक होते जा रहे हैं और लोग हमारा उपहास कर रहे हैं, हम वस्तुतः हंसी का पात्र बन गए हैं, इसलिए वे राज्यसभा सांसदो से कृपा कर सदन के कामकाज में सुचारू रुप से भाग लेने की अपील करते हैं, सदन के सामान्य कामकाज में व्यावधान उत्पन्न किए जाने से उन्हें गहरी पीड़ा और दुख हुआ है। हम बहुत खराब मिसाल कायम कर रहे हैं। हम देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं और उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं, क्योंकि जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे बिल व सवाल बाधित हो रहे हैं आज यह विषय हम इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि 29 नवंबर 2024 को राज्यसभा में ऑनलाइन गेमिंग से बच्चों पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की लिखित जानकारी दी।बता दें वर्तमान प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में अत्यंत तीव्रता से हम एक नए भारत की ओर बढ़ रहे, हमारे देश पर हमें गर्व है लगभग हर क्षेत्र में मानवीय शारीरिक श्रम को आधुनिक प्रौद्योगिकी की सहायता से कंप्यूटर,रोबोट, विभिन्न एप्स की भाषा में तब्दील कर घंटों का काम सेकंडों में करने की राह तेजी पकड़ती जा रही है, और हम तेजी से एक नए भारत की ओर बढ़ रहे हैं इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि हम विज़न 2047 को अपने टारगेट के कई साल पहले ही प्राप्त कर लेंगे। परंतु इससे हमारे भविष्य के नेतृत्व बच्चों पर काफी दुष्प्रभाव पढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

साथियों बात अगर हम तीव्र गति से प्रौद्योगिकी विकास की करें तो बड़े बुजुर्गों का कहना है रजाई जितनी पानी में भीगेगी उतनी ही भारी होती जाएगी बिल्कुल ठीक,हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कहे एक एक शब्द सत्य साबित होते हैं यही बात, हमें इस आधुनिक प्रौद्योगिकी में भी देखनी होगी कि जितनी हम सुविधाएं प्राप्त कर रहे हैं उनके कुछ साइड इफेक्टस भी होते हैं, जिनकी अत्यंत सूक्ष्मता से हमें सावधानी भी बरतनी होगी।



साथियों बात अगर हम इस नई प्रौद्योगिकी के बच्चों पर प्रभाव की करें तो आज के युग में हम देख रहे हैं कि बच्चों के हाथ में मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर की आदत तीव्रता से बढ़ गई है।क्योंकि महामारी के प्रकोप से लॉकडाउन और स्कूल बंद के कारण उसे समय की आदतों से ऑनलाइन क्लासेस से इसकी ज़रूरत और आदतें दोनों बढ़ गई है।जिसका खाली समय में प्रयोग में अक्सर ऑनलाइन गेमिंग,अन्य गेम, अश्लीलता के कुछ अंश इत्यादि का क्रेज बढ़ गया है जिसकी ओर हम सभी अभिभावकों माता-पिता,शिक्षकों को इस दिशा में तेज़ी से ध्यान देखकर अतिकठोर सावधानी बरतना होगा ताकि हमारे कल के भविष्य बच्चों को आत्म संयमता का मंत्र देकर हम उनका भविष्य सुरक्षित कर सकें।

साथियों बात अगर हम ऑनलाइन गेमिंग में सुरक्षा के लिए संसदीय शीतकालीन सत्र में भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का लिखित उत्तर पेश करने की करें तो सरकार ऑनलाइन गेमिंग से होने वाले खतरों और लत जैसे संभावित नुकसानों से अवगत है। भारत सरकार की नीतियों का उद्देश्य अपने उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सुनिश्चित करना है। ऑनलाइन गेम की लत जैसी विभिन्न सामाजिक आर्थिक चिंताओं को दूर करने के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने संबंधित हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद,आईटी अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 (आईटी नियम, 2021) को अधिसूचित किया है। आईटी नियम, 2021 ने सोशल मीडिया मध्यस्थों सहित विभिन्न मध्यस्थों पर उस सूचना के संबंध में विशिष्ट सावधानी बरतने के दायित्व डाले हैं, जिसे प्लेटफ़ॉर्म पर होस्ट, प्रदर्शित, अपलोड, प्रकाशित, प्रसारित, संग्रहीत या साझा नहीं किया जाना है। मध्यस्थों से अपेक्षा की जाती है कि वे किसी भी ऐसी सूचना को होस्ट, संग्रहीत या प्रकाशित न करें जो वर्तमान में लागू किसी भी कानून का उल्लंघन करती हो। मध्यस्थों को अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है, जिसमें आईटी नियम, 2021 के तहत वर्गीकृत गैरकानूनी सूचना को हटाने की दिशा में उनकी त्वरित कार्रवाई या किसी भी ऐसी सूचना के खिलाफ प्राप्त शिकायतों के आधार पर कार्रवाई शामिल है, जो अन्य बातों के अलावा, बच्चों के लिए हानिकारक है या जो मनी लॉन्ड्रिंग या जुए से संबंधित या प्रोत्साहित करती है। इसके अलावा, शिक्षा मंत्रालय ने 27 सितंबर, 2021 को ऑनलाइन गेमिंग के नुकसानों पर काबू पाने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इसके बाद, शिक्षा मंत्रालय ने 10 दिसंबर, 2021 को बच्चों के सुरक्षित ऑनलाइन गेमिंग पर अभिभावकों और शिक्षकों को एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में संकेत दिया गया है किऑनलाइन गेम खेलने से गंभीर गेमिंग की लत लग जाती है जिसे गेमिंग डिसऑर्डर माना जाता है। इसने आगे चेतावनी दी है कि बिना किसी प्रतिबंध और आत्म-सीमा के ऑनलाइन गेम खेलने से कई खिलाड़ी आदी हो जाते हैं और अंततः गेमिंग डिसऑर्डर का निदान किया जाता है अभिभावकों और शिक्षकों को एडवाइजरी को व्यापक रूप से प्रसारित करने और बच्चों को मानसिक और शारीरिक तनाव से जुड़े सभी ऑनलाइन गेमिंग नुकसानों पर काबू पाने में प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें शिक्षित करने की सिफारिश की गई है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8205

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | |
| ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ |
| 14 | | | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | 21 | ■ | | ■ | | ■ | 22 | |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. कवि की रचना,गजल-3
3. अनुमान,अंदाज-3
5. सदपुरुष-2
6. अयोग्य,असंगत -2
8. स्वार्थ,लोभ-4
10. सहयोग,सहकार-3
11. उन्माद,सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक,शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन,अशिष्टता-4
20. पैंदा,तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर,फन,आर्ट-2
2. बल,दम,जोर-3
3. समीप,नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम,संदेह-3
7. उपनदी,कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख,सौ हजार-2
11. स्वभाव,आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब,शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा,लाइन-3
21. होठ,अधर-2
22. आगमन-2

### शब्द पहेली - 8204 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ह | ल | ज | ■ | ■ | कु | ली | न |
| रि | ■ | ■ | र | सा | त | ल | ■ | फा |
| ता | ना | ■ | ■ | ग | म | ■ | ■ | स |
| ■ | जा | म | ■ | र | ■ | ■ | स | त |
| ■ | य | म | ज | ■ | आ | रा | म | ■ |
| ह | ज | ■ | ■ | ह | ■ | न | त | ■ |
| ज | ■ | ■ | क | र | ■ | ■ | ल | ब |
| र | ■ | स | ला | म | त | ■ | ■ | द |
| त | बा | ही | ■ | ■ | य | की | न | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6990

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6989 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

# अच्छी छवि के ऊर्जावान सक्रिय कार्यकर्ताओं को भाजपा बनाएगी जिला अध्यक्ष, दर्जनभर दावेदार

### 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष एवं 30 दिसंबर तक भाजपा के जिला अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी

**विजय मत, शहडोल।**

भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों एवं जिला अध्यक्षों के चुनाव के लिए बैठक एवं कार्यशालाएं शुरू हो गई हैं। भोपाल में 30 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडे ने जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए यह दिशा निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी आपराधिक छवि के कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा बल्कि अच्छी छवि के ऊर्जावान सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। भाजपा में संगठन चुनाव को संगठन पर्व कहा जाता है इसी संगठन पर्व के सिलसिले में 1 दिसंबर को जिले के चुनाव प्रभारी अरुण द्विवेदी द्वारा शहडोल में पार्टी की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें श्री द्विवेदी ने द्वारा मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को बताया गया कि 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव होंगे जबकि 15 दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक 2 दिसंबर को शहडोल में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के प्रभारी अजय जामवाल संगठन पर्व को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक लेने वाले हैं। यह बैठक संभाग स्तर की होगी जिसमें सांसद विधायक अन्यजन प्रतिनिधि एवं पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी शामिल होंगे।



## राय शुमारी के बाद आम सहमति से होगा जिला अध्यक्ष का चुनाव

अनेक बैठक एवं चुनावी प्रक्रिया से गुजरते हुए मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष का चुनाव रायशुमारी के बाद आम सहमति से होगा। पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार किसी सांसद या विधायक के सगे संबंधी को जिला अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा साथ ही 35 वर्ष से 45 वर्ष तक मंडल अध्यक्ष के लिए एवं 45 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु की सीमा जिला अध्यक्ष के लिए पार्टी द्वारा निर्धारित किया गया है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए इन नामों की है चर्चा

शहडोल के भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए जिन नामों की चर्चा हो रही है उनमें पार्टी के जिला महामंत्री संतोष लोहानी एवं मनोज सिंह आर्मो, जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्टी के जिला महामंत्री रह चुके वीरेश सिंह रिंकू, जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनावअपनी भाभी को जिताने वाले पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता विमलेश मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक चंद्रेश द्विवेदी एडवोकेट पूर्व जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार खरिया पार्टी को अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले समय दानी योगेंद्र चतुर्वेदी, जनपद जनपद पंचायत सोहागपुर के पूर्व उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री राकेश पांडे, पार्टी के पूर्व जिला मंत्री एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष रहे रविकांत चौरसिया एवं युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा शामिल है।

## सभी दावेदार एक से बढ़कर एक

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पद के लिए जिनकी दावेदारी है उनमें सभी एक से बढ़कर एक है मसलन संतोष लोहानी बूथ प्रबंधन के प्रभारी है एवं लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभा चुके हैं इसी तरह मनोज गुप्ता एक वरिष्ठ समाजसेवी एवं पार्टी की समस्त गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यदि हम मनोज सिंह आर्मो की बात करें तो आदिवासी समाज के इकलौते ऐसे दावेदार हैं जो पार्टी की समस्त गतिविधियों में अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करते हैं। वीरेश सिंह रिंकू एक कर्मठ कार्यकर्ता है तो विमलेश मिश्रा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सभी परिचित है, श्री मिश्रा ब्यौहारी विधायक शरद कोल के चुनाव में उन्हें जिताने में प्रमुख भूमिका निभा चुके हैं। धनपुरी निवासी राकेश पांडे भी एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। बुढ़ार निवासी रविकांत चौरसिया ओबीसी चेहरा है जो पूर्व सांसद स्वर्गीय दलपत सिंह परस्ते के साथ जनता दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। योगेंद्र चतुर्वेदी पार्टी के पूर्व जिला मंत्री रह चुके हैं और लोकसभा विधानसभा के कई चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभा चुके हैं। चंद्रेश द्विवेदी की यदि बात की जाए तो इन्होंने भी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन किया है। राजकुमार खारिया भी पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता है और समाज सेवा के क्षेत्र में उनका नाम है। अमित मिश्रा एक युवा चेहरा है और उनके बारे में जितना कहा जाए कम है। और अंत में भूपेंद्र मिश्रा की खासियत के बारे में सूरज को दिया दिखाने जैसा है।

---

## न्यूज इन शॉर्ट



### हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शहडोल। शासन के निर्देशानुसार 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक हम होंगे कामयाब पखवाड़ा मनाया जा रहा है। हम होंगे कामयाब अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उनके सशक्तिकरण के लिए काम करना, और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत बेटा-बेटियों के मध्य भेदभाव को खत्म करने, समाज और परिवार में महिलाओं के ख़िलाफ़ हो रहे शोषण को रोकने पर ज़ोर दिया जाता है। जयसिंहनगर बस स्टैंड में थाना प्रभारी जयसिंहनगर एसपी चतुर्वेदी के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर के युवा एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान हम होंगे कामयाब के विषय पर चर्चा की गई एवं उसके उद्देश्यों को बताया गया।



### मजदूर विरोधी कानून से बचने पर डाला गया प्रकाश

शहडोल। रविवार को एम.पी.एम.एस आर यू शहडोल की वार्षिक आम सभा की बैठक होटल में वेलकम इन शहडोल में राखी गई। जिसमें एम.पी.एम.एस.आर.यू शहडोल इकाई के अध्यक्ष सौरभ शुक्ला, सचिव शत्रुघनलाल पांडे कोषाध्यक्ष बद्री नारायण पांडे के आह्वान पर एम पी एम एस आर यू भोपाल के कोषाध्यक्ष मिस्टर वीरेश कुमार पांडे और ष्टढ्ढञ्ज सी आई टी यू के महासचिव महेश श्रीवास्तव जी द्वारा एम पी एम एस आर यू शहडोल को अपने उद्घोषित शब्द दवारा संघ की मजबूरी तथा सरकार के जन विरोधी, मजदूर विरोधी कानून से बचने के लिए संघ की भागदारी और जरुरत पर प्रकाश डाला। जिसमें एम पी एम एस आर यू शहडोल इकाई द्वारा अपनी कार्य समिति परिषद, कोर समिति, सदस्यता सब समिति का विस्तार किया गया! जिनमे कामरेड कमलेश गुप्ता, अनुपम द्विवेदी, तुलसीदास तिवारी, संजय शुक्ला, विकास पांडे, आकाश सिंह, नंदलाल गुप्ता, राजेश सिंह, सत्येन्द्र नारायण मिश्रा जी को प्रभार सौंपा गया! इस कार्यक्रम में शहडोल के चिकित्सा प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, देवव्रत पांडे, राजेश सिंह अंकित, बालगोविंद चतुवेर्दी, विपीन तिवारी, अजय कुमार, इस्माइल खान साहित कुल 42 सदस्य उपस्थित थे।

### जिला अस्पताल भगवान भरोसे, सुरक्षित नहीं है मरीज - जय सिंह



सीधी। भाजपा सरकार के शासनकाल में स्वास्थ्य सुविधाएं केवल भाषणों और कागजों में बेहतर नजर आती हैं, धरातल पर मरीजों को लाभ हासिल नहीं हो रहा है। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव जय सिंह राजू ने कहा कि जिला अस्पताल सीधी भगवान भरोसे चल रहा है, यहां आने वाले मरीजों की जिंदगी पर मौत का खतरा हमेशा मंडराता रहता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन की उदासीनता के कारण पूरा मेडिकल बेलगाम हो गया है। जिला अस्पताल में रखे रजिस्टर में जिस डाक्टर की ड्यूटी लगाई जाती है वह अक्सर मौके से नदारद मिलता है। वार्ड ब्वाय और नर्सिंग स्टाफ के सहारे अस्पताल के अधिकांश वार्ड में मरीजों का उपचार किया जाता है, इसलिए उन्हें अपनी जिंदगी बचाने के लिए जिले से बाहर जाना पड़ता है।

---

### बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने अधिकारी विद्यालयों का करें निरीक्षण,लगाए ड्यूटी- कमिश्नर

# अमानक खाद, बीज बेचने वालों की अब खैर नहीं, होगी सख्त कार्यवाही

## कलेक्टर कान्फ्रेंस में कमिश्नर ने दिए आवश्यक निर्देश

**विजय मत, शहडोल।**

कृषि विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से जिले भर में नकली खाद बीज की बिक्री हो रही है। इस बात को ध्यान में रखते कलेक्टर क्राफेंस में कमिश्नर सुरभि गुप्ता द्वारा नकली खाद बीज बेचने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए।

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में शनिवार को कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के कलेक्टरों को निर्देश दिए की शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर हो इसके लिए कलेक्टर्स व विभागीय अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालयों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की जांच करें तथा लापरवाही बरतने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए एक्स्ट्रा क्लास व विद्यार्थियों से प्रश्न पत्र भी हल करवाए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारी फील्ड पर जाएं तथा कलेक्टर, अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं और सतत् मॉनिटरिंग भी करें। कमिश्नर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शहडोल संभाग के विद्यालयों में वितरित की जा रही साइकिलो के संबंध में जानकारी ली तथा कहा कि साइकिल वितरण में किसी भी प्रकार की शिकायतें न आए यह सुनिश्चित करेंगे।




### योजनाओ का लाभ किसानो को मिले

कमिश्नर ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में बीज की उपलब्धता रहे तथा अमानक खाद, बीज बेचने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करें।

### ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को समस्त सेवाएं प्राप्त हो

कमिश्नर ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित हो तथा बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दी जाने वाली सभी समस्त सेवाएं भी उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने मातृत्व वंदना योजना में प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा प्रगति लाने के निर्देश संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को दिए।

### रैन बसेरो में पर्याप्त गर्म कपड़ो का करें इंतजाम

कमिश्नर ने कलेक्टरों को निर्देश दिए की 9 दिसंबर को गीता जयंती मनाई जाएगी इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों, रैन बसेरों में ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त कंबल, बेड्स, अलाव सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे ठंड की वजह से कोई भी अप्रिय घटना न हो।

कमिश्नर ने कलेक्टर कान्फ्रेंस के दौरान जिलेवार मछली पालन, हम होंगे कामयाब अभियान, पशुपालन, गौशालाओं का संचालन, सहकारिता वसूली, उद्यानिकी विभाग जैसे अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर शहडोल डॉ.केदार सिंह, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र जैन,उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनीषा पांडे, शहडोल संभाग के जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### महिला उपभोक्ताओं को किया गया सम्मानित

सीधी। भारत सरकार के उपक्रम भारत पेट्रोलियम गैस के निर्देश पर सीधी जिले में आराधना भारत गैस ग्रामीण वितरक अमिलई के द्वारा सेल्स आफीसर सतना अनुज कुमार, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा, ब्यूरो चीफ दैनिक जागरण सीधी अखिलेश पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं संचालक आराधना भारत गैस श्रीमती आराधना पाण्डेय, सरपंच पटना श्रीमती राजकुमारी पाव, सरपंच कपुरी कोठार श्रीमती राजकली कोल, पूर्व जनपद सदस्य भगवानदीन, पूर्व सरपंच अमिलई रामलाल गोड़ की उपस्थिति में गांव की रसोई कार्यक्रम का आयोजन आज 1 दिसम्बर 2024 को आराधना भारत गैस अमिलई के परिसर में किया गया। उक्त आयोजन के स्वाद प्रतियोगिता में श्रीमती अर्चना पाण्डेय, श्रीमती राखी सिंह, सुनीता सिंह, श्रीमती बुटान कोल, श्रीमती सुशीला उर्मलिया, श्रीमती सुमन तिवारी, श्रीमती शांति तिवारी, श्रीमती ज्योति तिवारी, श्रीमती रानी तिवारी ने भाग लिया। जिसमें श्रीमती अर्चना पाण्डेय प्रथम, श्रीमती राखी सिंह द्वितीय एवं श्रीमती सुमन तिवारी को तृतीय स्थान मिला। गांव की रसोई में स्वाद प्रतियोगिता में शामिल सभी महिलाओं को आराधना भारत गैस ग्रामीण वितरक अमिलई के द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सेल्स आफीसर सतना ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को गैस चलाने का तरीका, सुरक्षा के उपाय, केवाईसी कराने आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

---

**समस्या**

### ठेकेदार को सीवर लाइन कार्य मई 2025 से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश

# सीवर लाइन चेंबर की बढ़ी ऊंचाई, आवागमन में होती है परेशानी

**विजय मत, शहडोल।**

नगर पालिका शहडोल के बड़ी भीड़, पटेल नगर, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, घरौला मोहल्ला, पांडव नगर डिग्री हॉस्टल के पीछे सहित अन्य विभिन्न क्षेत्र में नव निर्मित सीसी रोड पर सीवर लाइन के चेंबर की उंचाई बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया गया। इससे अब अवागमन में वाहन चालकों की समस्या दूर होगी। गौरतलब है कि कई लाख से निर्मित इस सड़क में कई स्थान पर सीवर लाइन के चेंबर नीचे हो गए थे, जिससे सड़क में गड्ढा बन गया था। इनमें वाहन आकर हादसे का शिकार हो रहे थे। इस समस्या को जिम्मेदारों ने इसे गंभीरता से लेते हुए सीवर कार्य एजेंसी द्वारा चेंबर की उंचाई सड़क के बराबर कराया जा रहा है। जिम्मेदारों ने बैठक लेकर आवश्यक निर्देश तो दिए हैं पर देखते हैं कि वह इस निर्देश का पालन होता है अथवा नहीं।



### ठेकेदार को मई 2025 तक सीवर लाइन पूर्ण करने के निर्देश

नगर पालिका सभागार बैठक आयोजित किया गया। जिसमें नगर पालिका शहडोल क्षेत्र में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी विश्व बैंक के सहयोग से शहडोल में सीवरेज परियोजना का कार्य कर रही है। सीवरेज परियोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया शहडोल नगर में 70त्न सीवर लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा बाकी कार्य जल्दी पूर्ण कर लिया जाएगा। जिसमें नगर पालिका क्षेत्र के जिम्मेदारों ने ठेकेदार को परियोजना के बचे हुए कार्य मई 2025 से पूर्व पूर्ण करने के लिए कहा।

### इन वार्डों में आज भी आवागमन की समस्या

शहडोल नगर के ईदगाह मीट मार्केट रोड, ड्क्ससधी बाजार, बड़ी भीट, सिंचाई विभाग, पुलिस लाइन, पांडवनगर सहित कई वार्डों में सीवर लाइन बिछाने का कार्य कई महीने पहले पूर्ण कर लिया गया है, लेकिन सडक़ मरम्मत का कार्य अभी बाकी है। बीते तीन दिनों से हो रही बारिश से यह वार्ड कीचड़ से सन गए हैं, जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है। अधिकांश स्थानों में चेंबर सडक़ से काफी ऊपर होने के कारण लोग हादसे का शिकार भी हो रहे हैं।

### करीब 130 किमी. लाइन ही पूर्ण किया गया

नगर में कुल 225 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जाना था। ठेका कंपनी ने अबतक वार्ड की सडक़ों पर ही लाइन बिछाई है। करीब 130 किलोमीटर लाइन ही पूर्ण किया गया है। शहर के मार्केट एरिया में अभी सीवर लाइन बिछाने का कार्य बाकी है। विभागीय जानकारी के अनुसार मार्केट एरिया में लाइन बिछाने का डिजाइन चेंज किया गया है। बारिश बंद होने व त्यौहार समाप्त होने के बाद ठेका कंपनी मार्केट एरिया में लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ करेगी।

### केलमनिया जाने वाला मार्ग है डायवर्ट

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा शहडोल में विश्व बैंक के सहयोग से सीवरेज परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। परियोजना प्रबंधक विजय सिंह ने बताया कि 29 सितम्बर से शहडोल की पुरानी बस्ती के पास केलमनिया मार्ग पर सीवरेज पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। पाइप लाइन के कार्य की वजह से इस मार्ग पर 70 दिन आवागमन बंद है। इस संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा अनुमति दे दी गई थी।

### नागरिकों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था

बता दें कि नागरिकों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। कोतवाली वाया अंडर ब्रिज से पुरानी बस्ती केलमनिया जाने वाले भारी वाहन सिंहपुर रोड होकर वेल वेदर स्कूल से शहडोल बायपास होते हुए केलमानिया रोड पर जाएंगे। हल्के वाहन वाया अंडर ब्रिज सत्यम वीडियो तिराहा मार्ग से जाएंगे। लोगों को इससे भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने बताया कि पचगांव जाने के लिए हमें घूम कर रास्ते का उपयोग किया जा रहा है जिससे हमें अनेक परेशानियों का सामना अभी भी करना पड़ रहा है रोड को जल्द से जल्द बनाया जाए और आवागमन व्यवस्थित कराया जाए।

---

# जागरूकता की कमी के कारण एचआईवी होने की संभावना अधिक होती है




**विजय मत, शहडोल।**

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सेकेंडरी एजुकेशन सोहागपुर में हॉस्टल अधीक्षक का सुधा पटेल की अध्यक्षता में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम हुआ सुधा पटेल द्वारा बताया गया कि एड्स एक महामारी के रूप में सबके सामने हैं! जागरूकता की कमी के कारण एचआईवी होने की संभावना अधिक होती है नाको के आंकड़े के अनुसार संक्रमण 15 से 35 वर्ष की आयु में ज्यादा होता है लाल रिबन का निशान एचआईवी के साथ हमारी संवेदनशीलता को दर्शाता है विश्व एड्स दिवस 1988 के बाद 1 दिसंबर को हर साल मनाया जाता है जिसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है संपूर्णा शुक्ला ने बताया कि नाकों के अनुसार भारत विश्व में एचआईवी के संक्रमण में तीसरे स्थान पर है और लगभग 2.39 मिलियन लोग इससे संक्रमित हैं यह ऐसा वायरस है जो हमारे शरीर में रोगों से लड़ने वाली कोशिकाओं प्रतिरोधक क्षमता पर हावी होकर उन्हें नष्ट कर देता है एचआईवी संक्रमण होने पर यदि व्यक्ति संक्रमण के तुरंत बाद जांच कराई तो कई बार जांच की रिपोर्ट नेगेटिव आ सकती है क्यों किया संक्रमण जांच के दौरान 6 से 12 सप्ताह के बाद ही रक्त में दिखता है इस समय को विंडो पीरियड कहते हैं! पिछले सालों की अपेक्षा इस साल एड्स की पॉजिटिव दर जिले में अधिक है! हॉस्टल में अध्यनरत छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अन्य लोगो को जागरूक किया! नुक्कड़ नाटक में शामिल सुनैना सेन,रोशनी सिंह, उपासना यादव, सुषमा कोल ,पूजा यादव, अर्चना सिंह, पिंकी सिंह, नेहा सिंह, सुरेश्वरी नायक, शिवानी कोल,सुप्रिया जायसवाल आदि रही! चित्रकला में आकृति पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया भाषण में उपासना यादव प्रथम, नव्या गुप्ता द्वितीय रही है,कार्यक्रम का संचालन दीप्ति गुप्ता ने किया! रुखसार बानो, अंजली सिंह, उमा राही, अंकित द्विवेदी,मीरा सिंह, शहनाज बानो, ने भी अपने विचार रखें हॉस्टल के कर्मचारी विद्या सिंह, सुनीता पटेल, शीला सोनी, रानू वर्मा, आदि उपस्थित रही!

## न्यूज इन शॉर्ट



### चेक बाउंस मामले में दो वर्षों से फरार वांरटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अनूपपुर। कोतवाली पुलिस ने दो वर्षों से फरार गिरफ्तारी वांरटी गणेश उर्फ बबलू राठौर पिता सेमाली राठौर, उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पसला को रविवार की सुबह गिरफ्तार किया है। गणेश राठौर के खिलाफ न्यायालय पारूल जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनूपपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 1276/22 के तहत धारा 138, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (एनआइए) में गिरफ्तारी वांरट जारी किया गया था। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक सतानंद कोल, आरक्षक पूर्णानन्द मिश्रा एवं गिरीश चौहान शामिल रहे।

### बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव, कारण अज्ञात

अनूपपुर। कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत कर्राटोला गांव में 30 वर्षीय युवक का शव बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका पाया गया। जहां खेत के मालिक द्वारा देखे जाने पर परिजनों को पहचान कराते हुए घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर पंचनामा तैयार करते हुए जिला अस्पताल भेजा, जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। हालांकि परिजनों ने मौत के कारण अज्ञात बताए हैं। घटना के संबंध में ग्राम पड़री(खोलाड़ी) थाना जैतहरी निवासी भूपेंद्र सिंह ने कर्राटोला निवासी पप्पू सिंह के साथ कोतवाली थाना अनूपपुर में 30 नवंबर की रात सूचना दर्ज कराई कि वह अपने ससुराल ग्राम कर्राटोला में पिछले सप्ताह से काम के सिलसिले में आकर रुका हुआ हूं। उनका 30 वर्षीय साला जोहन सिंह पिता स्व. बजरंग सिंह मार्को को कुछ दिन पूर्व आवारा श्वान ने काटा था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। जोहन सिंह 28 नवम्बर की रात घर से निकला जो वापस नहीं आया। 30 नवम्बर की शाम पड़ोस के गांव चंदहाटोला निवासी बबलू सिंह एवं कैलाश सिंह जिनका खेत घटनास्थल के पास है ने खेत में घुसे बंदरों को भगाने के दौरान बबूल के पेड़ पर किसी शव के टंगा होना पाया। शव की पहचान कर मृतक की मां एवं परिजनों को बताया। इसके बाद सूचना दर्ज कराया। सहायक उप निरीक्षक संतोष पांडेय दल के साथ देर रात ही मौके पर पहुंचे। हालांकि देर रात होने के कारण मृतक के शव की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस एवं ग्रामीणों की निगरानी में रखा गया। रविवार की सुबह परिजनों एवं ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतारते हुए पंचनामा की कार्रवाई की और पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपा।

### सड़क पर बाइकों से फर्राटे भर रहे 10 नाबालिक चालको को पुलिस ने पकड़ा, वाहन जब्त मामला दर्ज




अनूपपुर। हाल के दिनों में अनूपपुर पुलिस ने नाबालिक वाहन चालकों के खिलाफ धड़ पकड़ का अभियान चलाया है, जहां अनूपपुर कोतवाली पुलिस के साथ कोतमा थाना में लगातार अभियान के तहत नाबालिक चालकों को यातायात नियमों के उल्लंधन में बाइक चलाते पकड़ा गया है। शनिवार को भी कोतमा पुलिस ने नाबालिक बच्चों के द्वारा बाइक चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी के खिलाफ 10 बाइकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी ने बताया कि कोतमा नगर में नाबालिग स्कूली बच्चों के द्वारा तेज गति से बाइक चलाने एवं दुर्घटना करने एवं दुर्घटना होने की संभावना की शिकायत पर 30 नवम्बर को बच्चों के स्कूल टाइम पर दो अलग-अलग टीम बनाकर वाहनों की चेकिंग की गई तो स्कूली नाबालिग बच्चे बाइक चलाते पाए गए। सभी नाबालिकों से10 बाइक जिनमें एमपी18 एमसी1694, एमपी18 एमएन 9315, एमपी 65 एमबी 2231 एवं नई सोल्ड बाइक, बिना नंबर बाइक मौके से जब्त कर उक्त सभी वाहनों में वाहन स्वामी द्वारा नाबालिक, बिना लाइसेंस वाले बच्चों से वाहन चलवाते पाए जाने पर वाहन को मौके से जब्त कर वाहन स्वामी के खिलाफ धारा 4/181, 5/180 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने सभी बच्चों के अभिभावकों को चेतावनी दी है कि यह कार्रवाई लगातार की जाएगी, सभी सावधान हो जाएं। अपने नाबालिक बच्चों को कोई भी वाहन चलाने ना दें यदि कोई घटना दुर्घटना होती है तो वाहन स्वामी की ही संपूर्ण जवाबदारी होती है।

### अवैध मदिरा जप्त

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कारीगडहरी में भ्रमण के दौरान पुलिस ने अवैध शराब जप्त की है। जानकारी अनुसार पुलिस ने इस मामले में राकेश महार पिता अच्छे लाल महार उम्र 27 साल निवासी ग्राम डिठौरी पर कार्यवाही करते हुए 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की है जिसकी कीमत 600 रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

दोनों पक्षों की ओर से दिए गए शिकायत पर पुलिस ने जवान के पक्ष में दर्ज किया मामला, ठेकेदार ने काउंटर केस नहीं बनाने लगाए टाल-मटोल के आरोप

# कोयला साइडिंग पर ठेकेदार ने एसआइएसएफ जवान को मारा थप्पड़

**विजय मत, अनूपपुर।**

एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत गोविंदा साइडिंग पर शनिवार की शाम ठेकेदार अभिषेक सिंह एवं राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान के बीच हुए विवाद के मामले में ठेकेदार द्वारा एसएएफ गणेश प्रधान जवान को थप्पड़ जडने् को लेकर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ 132, 121(1),221 351(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कोतमा थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह ने बताया कि घटना के बाद प्रधान आरक्षक द्वारा कोतमा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के अनुसार प्रधान आरक्षक का 30 नवम्बर को बूम बैरियर गोविंदा में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक ड्यूटी पर लगाया गया था, जहां दोपहर लगभग 1.30 बजे वाहन क्रमांक एमपी 65 जीए 2841 साइडिंग से बाहर निकल रही थी, जहां वाहन को हाथ देकर रोका, बूम बैरियर के पास विक्की सिंह नामक व्यक्ति भी खड़ा था,जिसका साइडिंग के अंदर गाडियां चलती है, वाहन को रोकने पर मुझे अभद्र गालियां देते हुए विवाद किया और विवाद की स्थिति में मैं मोबाइल से वीडियो बनाने लगा,तभी विक्की सिंह ने एक थप्पड़ मार दिया और अब से वाहन रोकने पर जान से मार देने की धमकी दी।




### ठेकेदार ने भी डीजल डिमांड का लगाया आरोप

शनिवार की दोपहर इस घटना का वीडिया भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें ठेकेदार द्वारा जवान के साथ गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ जडने् की घटना कैद है, हालांकि विजय मत अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन इस घटना में अब ठेकेदार द्वारा भी उनके द्वारा दी गई शिकायत पर मामला दर्ज नहीं किए जाने को लेकर पुलिस पर आरोप लगाया गया है। ठेकेदार का कहना है कि गोविंदा साइडिंग में रैक लोड करने का ठेका अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह को मिला है। रोजाना की तरह डीजल खाली करने शनिवार की शाम गोविंदा साइडिंग गए हुए थे। इसी दौरान जब वाहन बिगड़ गया तो प्रधान आरक्षक ने वाहन चालक से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत वाहन चालक ने अपने ठेकेदार अभिषेक सिंह से की। इसी दौरान ठेकेदार अभिषेक सिंह पहुंचे और पूछा कि आपने टैंकर वाहन को क्यों रोका एवं चालक से गाली गलौज क्यों किया तो उनके द्वारा डीजल की मांग की जाने लगी। अभिषेक सिंह ने इसकी शिकायत कोतमा थाने में दर्ज कराई है। शिकायत पर इन्होंने उल्लेखित किया है कि प्रत्येक हफ्ते इनके द्वारा डीजल की मांग की जाती रही है, ना दिए जाने पर इन्होंने गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। जिसकी शिकायत थाने में करने उपरांत भी पुलिस ने अभी तक प्रधान आरक्षक के विरुद्ध किसी प्रकार से कोई मामला दर्ज नहीं किया है। जबकि पुलिस का कहना है कि हम जांच के उपरांत ही मामला दर्ज करेंगे।

### इनका कहना है

सुरक्षा पर तैनात प्रधान आरक्षक गणेश प्रधान के साथ गाली गलौज व थप्पड़ मारने की की वीडियो प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

**सुंद्रेश सिंह मरावी,**
**थाना प्रभारी कोतमा**

गोविंदा साइडिंग में रैक लोडिंग टेंडर मेरे पास है, रोजाना डीजल से भरे वाहन जाते हैं। सुरक्षा पर तैनात कर्मचारी के द्वारा डीजल की मांग की गई। जब डीजल नहीं दिया गया तो गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट की गई है। जिसकी शिकायत मैंने थाने में दर्ज कराई है।

**अभिषेक उर्फ विक्की सिंह,**
**ठेकेदार जमुना कोतमा एरिया।**

## स्कूलों में महिलाओं का उत्पीडन् और पॉक्सो अधिनियम की जागरूकता बढ़ाने हम होंगे कामयाब पखवाड़ा सम्पन्न

विद्यार्थियों को महिलाओं व बच्चों के यौन अपराध के रोकथाम, निषेध और निवारण के सम्बंध में दी जानकारी

**विजय मत, अनूपपुर।**



महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराध से बचाव और उसके निवारण को लेकर शासकीय व प्रशासकीय स्तर पर हम होंगे कामयाब पखवाड़ा का अभियान चलाया जा रहा है। जहां शनिवार को जिले के विभिनन स्कूलों में इसके सम्बंध में स्कूली बच्चों को जानकारी देते हुए जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए गए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं जिपं सीइओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक 'हम होंगे कामयाब'पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के तहत शनिवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में शैक्षणिक संस्थान व समुदाय में घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन् (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, पॉक्सो (यौन अपराध से बच्चों का निवारण) अधिनियम 2012, भारतीय न्याय संहिता 2023 और पीड़ित मुआवजे के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत विशेष अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते, महिला एवं बाल विकास विभाग के विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं विद्यार्थी, एनजीओ उपस्थित रहे।

### हम होंगे कामयाब पखवाड़े के तहत दी गई कानूनी जागरूकता की जानकारी

उमरिया। कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान अंतर्गत निर्धारित विषय कानूनी जागरूकता अभियान अंतर्गत संवाद कार्यशाला का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौड़िया में किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की भागीदारी रही । समस्त बच्चों को शासन द्वारा संचालित म.बा.वि. विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई तथा बच्चों को पाक्सों एक्ट अंतर्गत होने वाली जघन्य अपराध व बच्चों के हित में शासन द्वारा जारी किए गए कानूनी दंडात्मक कार्रवाई से अवगत कराया गया तथा टोल फ्री नं. 1098, 1930, 181 के बारे में बताया गया।

## स्टेट बैंक बरतराई में चोरों का असफल, प्रयास जांच में जुटी रामनगर पुलिस

कड़ी सुरक्षा के बीच सेंदमारी, सुरक्षा पर तैनात रहते हैं



**विजय मत, कोतमा।**

रामनगर थाना अंतर्गत बरतराई कालोनी स्थित भारतीय स्टेट बैंक में शनिवार रविवार की दरमियानी रात बैंक चोरी करने के प्रयास हेतु सेंदमारी का प्रयास किया गया हालांकि चोर असफल रहे । रविवार की सुबह बैंक कर्मचारियों ने इसकी जानकारी रामनगर थाने को दी जहां पर मौके पर पहुंची रामनगर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए जांच शुरू किया है । पुलिस का कहना है कि चारों तरफ सुरक्षा के घेरे में चोर आखिर कर कैसे अंदर आए इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है । बताया गया कि चोरों ने बैंक के पीछे और दीवाल को तोड़ अंदर घुसने का प्रयास किया था हालांकि पीछे सीसीटीवी कैमरे ना होने के कारण चोरों का पता नहीं लग पा रहा है । थाना प्रभारी रामनगर अमर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक कर्मचारियों की शिकायत पर जांच की जा रही है जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी ।

### हम होंगे कामयाब पखवाड़े के तहत दी गई कानूनी जागरूकता की जानकारी

उमरिया। कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान अंतर्गत निर्धारित विषय कानूनी जागरूकता अभियान अंतर्गत संवाद कार्यशाला का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौड़िया में किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की भागीदारी रही । समस्त बच्चों को शासन द्वारा संचालित म.बा.वि. विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई तथा बच्चों को पाक्सों एक्ट अंतर्गत होने वाली जघन्य अपराध व बच्चों के हित में शासन द्वारा जारी किए गए कानूनी दंडात्मक कार्रवाई से अवगत कराया गया तथा टोल फ्री नं. 1098, 1930, 181 के बारे में बताया गया।

### बिजली के खंभे से तार काटकर ले गये चोर, मामला कायम

उमरिया। चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम सलैयार में आरोपी व्दारा बिजली के खंभे से ताकर काटकर चोरी कर ली गई। जानकारी अनुसार मोहम्मद असलम पिता मो0 सबीर उम्र 34 साल निवासी वार्ड क्रमांक 11 खलेसर उमरिया की शिकायत पर आरोपी अजय धुलिया, आकाश सिंह दोनो निवासी करकेली उजान पर मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## शासकीय सेवा में सौंपे गए दायित्यों का सहजता से करें निर्वहन-सिकरवार

**विजय मत, अनूपपुर।**

अनूपपुर वन मंडल के वन परिक्षेत्र में पदस्थ परिक्षेत्र सहायक आरएस सिकरवार अपने शासकीय सेवा दायित्वों का निर्वहन करते हुए 30 नवंबर को सेवानिवृत हुए। सेवा निवृत होने उपरांत वन विश्रामगृह जैतहरी में आयोजित विदाई समारोह दौरान श्री सिकरवार ने कहा कि सभी शासकीय सेवकों को शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौपे गए दायित्व का जिम्मेदारी एवं सहजता से निर्वहन करना चाहिए। मैं अपने शासकीय सेवाकाल दौरान विभिन्न कठिन से कठिन समस्याओं का अपने वरिष्ठ अधिकारियों एवं निचले कर्मचारियों की मदद से समाधान करने का प्रयास किया। जिसमें मैं बहुत हद तक सफल भी हो सका। कार्यक्रम में प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा अधिकारी एवं प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी अंशुल तिवारी ने कहा कि मेरी कुछ समय के पद स्थिति के दौरान मैंने श्री सिकरवार को सक्रिय रूप से तथा सजकता से शासकीय दायित्वों का निर्वहन करते देखा। मैं अपने अन्य साथियों से इसी तरह की अपेक्षा करने के साथ श्री सिकरवार के परिवार के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। विदाई समारोह में परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर ज्ञानचंद नागेश, परिक्षेत्र सहायक गोरसी दिलीप ओगरे, नव पदस्थ परिक्षेत्र सहायक जैतहरी पूरन सिंह, वनरक्षक जैतहरी सत्येंद्र मिश्रा के साथ वन परिक्षेत्र जैतहरी के सभी अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहे। इस दौरान सभी ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।




**व्यवस्था** कलेक्टर बोले-धान उपार्जन केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं रहें चाक चौबंद, व्यवस्थाओं की समीक्षा

# उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्था का अधिकारी भौतिक रूप से करें सत्यापन, आज से खरीदी होगी शुरू

**विजय मत, अनूपपुर।**



सोमवार 2 दिसम्बर से जिले के 34 उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य में खरीफ फसल की खरीदी आरंभ हो रही है। खरीदी केन्द्र पर आने वाले किसानों को कोई परेशानी न हो और सुरक्षित धान का उपार्जन संभव हो सके कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाई, जहां कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार जिले के सभी उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था की जाए। उपार्जन केन्द्रों की सभी व्यवस्थाओं का खाद्य विभाग के अधिकारी स्वयं भौतिक रूप से सत्यापन करें। सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहें। उपार्जन केंद्र में विद्युत कनेक्शन, कंप्यूटर व्यवस्था, यूपीएस एवं इनवर्टर, किसानों के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न सुविधाएं, धान की खरीदी के लिए धान की गुणवत्ता सहित शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप धान उपार्जन कार्य किया जाए। उपार्जन केन्द्र में व्यवस्थित रूप से बैनर लगाया जाए, जिसमें उपार्जन से संबंधित जानकारी लिखी होनी चाहिए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी एवं समिति प्रबंधक को पर्याप्त मात्रा में तिरपाल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे बारिश से अनाज को सुरक्षित रखा जा सके। उल्लेखनीय है कि जिले में इस वर्ष 34 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 14 महिला समूहों के माध्यम से संचालन की स्थिति बनाई गई है। जबकि शेष 20 खरीदी केंद्रों का संचालन सहकारी समिति द्वारा किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी बीएस परिहार की जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिलेभर में 21975 किसानों ने खरीफ फसल का समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी अधिक है। पिछले वर्ष कुल 20067 किसानों ने खरीफ उपार्जन के लिए अपना पंजीयन कराया था। इसके अलावा इस वर्ष जिलेभर में 37523.34 हेक्टेयर पर धान, ज्वार व बाजरा की खेती की गई है। जिनमें अनूपपुर में 11752.30 हेक्टेयर, कोतमा में 10973.38 हेक्टेयर, जैतहरी में 7004.02 हेक्टेयर तो पुष्पराजगढ़ में 7793.64 हेक्टेयर रकबा है।

### इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से तौल के साथ गुणवत्तायुक्त धान की ही खरीदी

कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि धान उपार्जन के स्टॉक का वेरिफिकेशन प्रतिदिन हो तथा नोडल अधिकारी धान खरीदी के प्रारंभ से अंत तक केंद्र पर ही उपस्थित रहें। उपार्जन केंद्र में किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो तत्काल डीएसओ को समस्या से अवगत कराए। उपार्जन केंद्र पर स्कंध के भंडारण की व्यवस्था, अनाज के व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने उचित व्यवस्था, उपार्जन केन्द्र परिसर की बाउंड्रीवाल एवं प्रवेश/निकास द्वार की बेहतर व्यवस्था, धान की गुणवत्ता परीक्षण उपकरण की उपलब्धता सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

# रूट ने तेंदुलकर का एक रिकार्ड तोड़ा




**क्राइस्टचर्च।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की चौथी पारी में 22 रन बनाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अब रुट चौथी पारी में ज्यादा रन बनाने के मामले में भारतीय टीम के महान बल्लेबाज तेंदुलकर से भी आगे निकल गये हैं। रूट के अब चौथी पारी में 1630 रन हो गये हैं जबकि तेंदुलकर के नाम 1625 रन ही हैं। इससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। । पिछले महीने रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ा था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह उपलब्धि केवल 147 टेस्ट और 268 पारियों में हासिल की जबकि कुक ने 161 टेस्ट और 291 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

# जय शाह ने आईसीसी अध्यक्ष का पद संभाला



**दुबई।** जय शाह ने 1 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नये अध्यक्ष के रूप में अपनी पद संभाल लिया। जय शाह ने ग्रेग बार्कले की जगह ली है। बाकले नवंबर 2020 से इस पद पर थे। आईसीस प्रमुख के रूप में अपने अपने संबोधन में शाह ने कहा कि लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किये जाने और महिलाओं के खेल के विकास को प्राथमिकता देने पर वह ध्यान देंगे। शाह ने कहा, आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है । आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए मैं आभारी हूं।

# रिकी पोंटिंग की सलाह: लाबुशेन और स्मिथ को कोहली की तरह अपने खेल पर भरोसा करना चाहिए

**एडिलेड, एजेंसी**




ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे चार टेस्ट मैचों में फॉर्म में वापसी करने के लिए भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की तरह अपने खेल पर विश्वास करने की सलाह दी है। पोंटिंग का मानना है कि लाबुशेन और स्मिथ को अब अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आत्मविश्वास के साथ खेलना चाहिए। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में लाबुशेन भारतीय तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए दिखाई दिए। वह पहली पारी में 52 गेंदों पर केवल दो रन और दूसरी पारी में 5 गेंदों पर सिर्फ तीन रन ही बना सके, जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं, स्टीव स्मिथ भी पहले टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे। पहली पारी में वह खाता भी नहीं खोल पाए, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 60 गेंदों पर 17 रन बनाए।

पोंटिंग ने कहा, पर्थ में सभी बल्लेबाजों में से मार्नस सबसे अधिक जूझते हुए नजर आए। हालांकि विकेट मुश्किल था और भारतीय गेंदबाज शानदार गेंदबाजी कर रहे थे, लेकिन उसे बदलने का तरीका ढूंढना होगा। उन्होंने विराट कोहली का उदाहरण देते हुए कहा, विराट ने अपने खेल पर भरोसा किया और वह पहली पारी में 5 रन बनाकर आउट होने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 100 रन बनाकर वापसी करने में सफल रहे। विराट ने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान केंद्रित किया और विरोधी टीम से लड़ने के बजाय खुद पर विश्वास किया। पोंटिंग ने लाबुशेन और स्मिथ को भी यही सलाह दी कि वे अपने खेल पर विश्वास करें और मजबूत इरादे के साथ मैदान में उतरें। उन्होंने कहा, आपको अपना रास्ता खोजने की जरूरत है और मजबूत इरादे दिखाने की जरूरत है।

आपको गेंदबाजों पर दबाव बनाने और जोखिम लेने का तरीका ढूंढना होगा। इसके अलावा, पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में ज्यादा बदलाव करने की बजाय वर्तमान टीम पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, मैं वही टीम बनाए रखने की सलाह दूंगा।

# एडिलेड टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करुंगा : बोलैंड



**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने कहा है कि वह 6 दिसंबर से एडिलेड में खेले जाने वाले बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। बोलैंड को तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के चोटिल होने के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने के बाद शामिल किया गया है। बोलैंड का मानना है कि वह लय में हैं और अब भारत के खिलाफ एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। बोलैंड ने कहा, मैंने इस सीजन की शुरुआत में बहुत ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला है पर मुझे लगता है कि मैंने इतना क्रिकेट खेल लिया है कि मैं वाकई अच्छी स्थिति में हूं।

# अपने भविष्य को लेकर अभी कुछ नहीं कह सकता: मेसी

## राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने में खुशी होती है

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी**



अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने कहा है कि मैंने अभी तक अपने भविष्य और संन्यास को लेकर कुछ तय नहीं किया है, इसलिए इस मामले में कुछ नहीं कह सकता। फीफा विश्व कप 2026 के लिए दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में बोलिविया के खिलाफ अपनी टीम की 6-0 की जीत में मेसी की अहम भूमिका रही है। मेसी ने इस मैच में अर्जेंटीना की ओर से 10वीं अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक लगायी। इस दौरान मेसी ने कहा कि जब भी वह राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलते हैं तो उन्हें बेहद खुशी होती है। मेसी ने कहा, यहां आकर हमारे लिए लोगों का समर्थन महसूस करके बहुत अच्छा लग रहा है। जिस तरह से लोग मेरा नाम पुकारते हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं। हम सभी लोगों के साथ जुड़ाव का आनंद लेते हैं और हमें अर्जेंटीना में खेलना बहुत पसंद है। हम इस जीत से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने भविष्य के लिए कोई तिथि या समय सीमा तय नहीं की है, मैं बस इसका आनंद लेना चाहता हूं। मैं यहां आकर और लोगों का प्यार महसूस करके पहले से कहीं अधिक उत्साहित हूं, क्योंकि मुझे पता है कि ये मेरे आखिरी खेल हो सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि मैं क्लब में साल का अंत अच्छे से करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लूंगा और फिर हर दिन का आनंद ले पाऊंगा।

मेसी अपने देश की ओर से शीर्ष स्कोरर भी बन गए हैं, जिन्होंने 189 मैचों में 112 गोल किए हैं। सीनियर टीम की ओर से उन्होंने पहला गोल 1 मार्च, 2006 को बेसल में क्रोएशिया के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच में किया था। अर्जेंटीना फुटबॉल वेबसाइट के अनुसार, नेशनल टीम के लिए उनके आधे से अधिक गोल आधिकारिक थे। विश्व कप क्वालीफिकेशन में 34, कोपा अमेरिका में 17 और विश्व कप में 13 और अर्जेंटीना वह देश था जहां उन्होंने सबसे अधिक गोल 34 किए।

# अभी से गंभीर की कोचिंग का आंकलन न करें: अजय जडेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा है कि गंभीर को कोच बने अभी कुछ ही समय हुआ है। ऐसे में अभी से ही उनकी कोचिंग का आंकलन करना ठीक नहीं होगा। भारतीय टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली 0-3 की हार के बाद से गंभीर आलोचना का सामना कर रहे हैं। जडेजा ने गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि इतने कम समय में किसी के प्रदर्शन का आंकलन करना सही नहीं है। गंभीर ने अपने कार्यकाल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत के साथ की थी पर इसके बाद टीम को उस दौरे पर एकदिवसीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम ने इसके बाद टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को 2-0 से पर हराया पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 ये मिली करारी हार के बाद से ही गंभीर पर सवाल उठने लगे। जडेजा ने कहा कि किसी के प्रदर्शन का आंकलन पर्याप्त समय में ही करें। हमें इस समय उनका मूल्यांकन करने की जगह खेल का आनंद उठाना चाहिए। पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बड़ी जीत से टीम का उत्साह बढ़ा है। जडेजा ने कहा कि हर किसी के साथ उतार-चढ़ाव आते हैं, कभी आप जीतते हैं और कभी आप हारते हैं। इसलिए मैं उस दिशा में नहीं जाऊंगा और छह महीने में उनका गंभीर के कामकाज की समीक्षा नहीं करुंगा।

## बिजनेस

# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 16.50 रुपए महंगा हुआ

## एटीएफ के दाम भी 13.18.12 रुपए किलो लीटर बढ़े



**नई दिल्ली, एजेंसी**

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम एक बार फिर बढ़ गए हैं। तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 16.50 रुपये की वृद्धि कर दी है। दिल्ली में यह सिलेंडर अब 1818.50 रुपये का है। यह पांचवां महीना है जब इन सिलेंडरों की कीमतें बढ़ रही हैं। इस बढ़ती कीमतों का असर हवाई ईंधन के भी दामों पर पड़ रहा है। एटीएफ का दाम भी 13.18.12 रुपए किलो लीटर महंगा किया गया है। यह दर भी पिछले महीने की तुलना में बढ़ी है। अब एलपीजी सिलेंडर की कीमतें नवंबर में भी बढ़ी थीं। इसमें कोलकाता में 1927.00 रुपये, मुंबई में 1771.00 रुपये और चेन्नई में 1980.50 रुपये की कीमतों का घोषणा की गई थी। उज्ज्वला योजना के तहत घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में सब्सिडी के बिना इस सिलेंडर की कीमत 803.00 रुपये में है। कंपनियों ने यह भी जाहिर दिया कि हवाई ईंधन के दाम में इजाफा कर दिया गया है, जिससे उड़ान भरने वालों के लिए टिकट की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। इस बढ़ोतरी की क्या होगा अनुमान लगाना बेहद मुश्किल है।

# वैश्विक रुझानों, ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले तय करेंगे शेयर बाजारों की चाल

» कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर के रुख से भी बाजार प्रभावित होगा

**मुंबई, एजेंसी**



इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले शेयर बाजारों की दिशा तय कर सकते हैं। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि इस सप्ताह निवेशक ऑटो बिक्री के मासिक आंकड़ों पर भी निगाहें रहेंगी। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि बाजार सोमवार को 5.4 प्रतिशत की निराशाजनक जीडीपी वृद्धि पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं। आगामी आरबीआई नीति महत्वपूर्ण होगी, जिसमें ब्याज दर निर्णय और टिप्पणी, दोनों पर ही निवेशकों की नजर होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से रूस-यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंता बनी हुई है। भारत, अमेरिका और चीन से विनिर्माण पीएमआई जैसे महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर के रुख से भी बाजार प्रभावित होगा। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के साथ ही कमजोर खपत के कारण चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर पहुंच गई। देश हालांकि अभी भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों ने काफी उतार-चढ़ाव देखा, हालांकि सप्ताह के अंत में बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि बाजार का नजरिया भारत के विनिर्माण पीएमआई, सेवा पीएमआई, ब्याज दर पर फैसले, अमेरिकी एसएंडपी वैश्विक समग्र पीएमआई, विनिर्माण पीएमआई, सेवा पीएमआई, गैर-कृषि रोगजार के आंकड़ों जैसे प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक कारकों से प्रभावित होगा।

# हमारे समूह पर हुए हमलों ने हमें मजबूत बनाया है: गौतम अदाणी

- अदाणी ने कहा, सपने जितने बोल्ड होंगे, उतना ही सामना कठिन होगा

**जयपुर, एजेंसी**



राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी अवॉर्ड्स जगमगाईं, जहां अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अपनी विचारधारा को साझा किया। उन्होंने कहा कि हर हमला उन्हें और मजबूत बनाता है और हर बाधा एक सीढ़ी बना देता है। इस समारोह में गौतम अदाणी ने पहली बार अमेरिकी न्याय विभाग के चर्चे किए।

उन्होंने दुनिया को यह दिखाया कि उनकी विचारधारा कैसे उन्हें समृद्धि की ओर ले जा रही है। गौतम अदाणी ने समूह के खिलाफ शॉर्ट-सेलिंग का भी उदाहरण दिया, जो दिखाता है कि उनकी संघर्षमय यात्रा में किसी भी चुनौती का कैसे सामना किया गया है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बनाए रखने का प्रमाण दिया। उन्होंने ध्यान दिया कि सपने जितने बोल्ड होंगे, उतना ही सामना कठिन होगा परंतु उन्हें आगे बढ़ने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। गौतम अदाणी की ये विचारधारा और संघर्ष आज के दुनिया में एक महत्वपूर्ण संदेश है, जो हमें यह सिखाते हैं कि उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए हर मुश्किल का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में मैं यह स्वीकार करता आया हूं कि जिन बाधाओं का हम सामना करते हैं, वे (दूसरों से) आगे होने की कीमत हैं। आपके सपने जितने बोल्ड होंगे, दुनिया आपको उतना ही अधिक परखेगी। लेकिन आपको आगे बढ़ने, यथास्थिति को चुनौती देने और एक ऐसा रास्ता बनाने का साहस मिलना चाहिए जिस पर पहले कभी कोई न चला हो। पायनियरिंग करने का अर्थ है अज्ञात को अपनाना, सीमाओं को तोड़ना और अपने दृष्टिकोण पर तब भी विश्वास करना जब दुनिया इसे अभी तक नहीं समझ पाई हो।

# नैसकॉम ने लॉन्च की प्लेबुक, एआई जोखिम को कम करने में करेगी मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नैसकॉम ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए डेवलपर्स प्लेबुक लॉन्च की है। यह प्लेबुक डेवलपर्स को देश में एआई डेवलपमेंट, स्थापना और इस्तेमाल को लेकर जोखिमों की पहचान कर उन्हें कम करने में मदद करेगी। नई दिल्ली में कॉन्फ्लुएंस फॉर रिस्पॉन्सिबल इंटेलिजेंस (आरआईसीओएन) के उद्घाटन अवसर पर लॉन्च की गई प्लेबुक एआई रिस्क मैनेजमेंट लैंडस्कैप को नेविगेट करने में डेवलपर्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बीच आई है।

प्लेबुक भारत सरकार और नैसकॉम के एक साथ सहयोग से एआई से जुड़े जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए एक इंडस्ट्री फ्रेमवर्क की स्थापना को लेकर अहम है। आईटी इंडस्ट्री बॉडी ने कहा कि उद्योग, सरकार, शिक्षा और नागरिक समाज के भारतीय और अंतरराष्ट्रीय विषय विशेषज्ञों और हितधारकों के एक समूह ने प्लेबुक की कठोर समीक्षा और सत्यापन किया है। यह जिम्मेदार एआई के लिए एक संतुलित और अच्छी तरह से समर्थित दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो देश के हितों और सामाजिक कल्याण के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अभिषेक सिंह ने कहा कि यह प्लेबुक इनोवेटर्स को संभावित जोखिमों की पहचान करने, बेस्ट प्रैक्टिस के साथ तालमेल बैठाने और एआई विकास और स्थापना के लिए जिम्मेदार एआई पद्धतियों को अपनाने के लिए जरुरी मार्गदर्शन प्रदान करती है।

# मुफिन ग्रीन फाइनेंस: निवेशकों को किया मालामाल

**नई दिल्ली।** हर निवेशक अब मल्टीबैगर स्टॉक की तलाश में रह रहा है और मुफिन ग्रीन फाइनेंस इस तलाश में एक चमकता हुआ सितारा बन गई है। इस छोटे स्केल एनबीएफसी कंपनी ने पिछले 5 वर्षों में अपने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। अत्याधुनिक वित्तीय सेवाओं प्रदान करने वाले मुफिन ग्रीन फाइनेंस ने नई पहल शुरू की है और 15 करोड़ रुपए के निवेश के लिए गैर-सूचीबद्ध, सुरक्षित और कर योग्य नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) जारी करने की योजना बनाई है। इस प्रक्रिया में बोर्ड की मंजूरी के बाद अब नियामक प्राधिकरणों की मंजूरी की प्रतीक्षा है।

# बीते सप्ताह मजबूत वैश्विक बाजार, आवक घटने से तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

## मांग कमजोर रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच देश में सोयाबीन, सूरजमुखी और कपास के हाजिर दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से लगभग 10-15 प्रतिशत कमजोर रहने की वजह इन तिलहनों की आवक घटने के कारण बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। मूंगफली की आवक बढ़ने के बीच मांग कमजोर रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह सरसों की आवक घटकर प्रतिदिन करीब 1.5 लाख बोरी रह गई जबकि सरसों की प्रतिदिन की खपत करीब 3.5-4 लाख बोरी की है। चूंकि अब पामोलीन तेल का दाम सरसों से अधिक हो गया है इसलिए आगे जाकर सरसों की खपत और बढ़ने जा रही है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 75 रुपये के सुधार के साथ 6,625-6,675 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 150 रुपये के सुधार के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 25-25 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,285-2,385 रुपये और 2,285-2,410 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 4,500-4,550 रुपये और 4,200-4,235 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## क्षिप्रा जल से ही होगा सिंहस्थ-2028 में स्नान : डॉ. मोहन यादव

# अच्छी सोच और बेहतर प्रबंधन के साथ बनाई गई है सिंहस्थ-2028 की कार्ययोजना: नड्डा



**विजय मत, भोपाल**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने रविवार को उज्जैन प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में सिंहस्थ-2028 की कार्ययोजना और तैयारियों संबंधी प्रेजेंटेशन देखा। केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने सिंहस्थ के लिये तैयार की गई विकास कार्ययोजना के प्रेजेंटेशन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस सोच के साथ कार्ययोजना तैयार की गई है उसे जमीन पर उतारा गया तो उज्जैन अपनी संस्कृतिक, धार्मिक, पौराणिक विरासत को संजोने में सफल होगा। उज्जैन अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक विरासत को समेटे हुए हैं। सिंहस्थ के लिये तैयार की गई कार्ययोजना से उज्जैन का पुरातन वैभव पुनः लौटेगा और राजा विक्रमादित्य की अवंतिका का स्वरूप प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रेजेंटेशन के दौरान कपिला गौशाला और शिप्रा को प्रवाहमान बनाने की कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कार्ययोजना से कम से कम कीमत में क्षिप्रा को अविरल एवं स्वच्छ कर पाएंगे।

***कार्ययोजना का प्रस्तुनिकरण...** सेवरखेडी सिलारखेडी मध्यम परियोजना क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवाहमान बनाए रखने के लिए है। परियोजना अंतर्गत ग्राम सेवरखेडी तहसील उज्जैन में क्षिप्रा नदी पर बैराज निर्माण किया जाना है जिससे वर्षा काल के जल का उद्वहन कर ग्राम सिलारखेड़ी तहसील उज्जैन में स्थित सिलारखेडी तालाब में एकत्रित किया जाना प्रस्तावित है।*

## केंद्रीय मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया वैदिक घड़ी का अवलोकन

**भोपाल।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद वी.डी. शर्मा ने उज्जैन प्रवास के दौरान रविवार शाम को आचार्य वराहमिहिर वेधशाला, जंतर मंतर स्थित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री नड्डा को बताया कि विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय काल गणना पर आधारित विश्व की पहली वैदिक घड़ी है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री नड्डा को वैदिक घड़ी की गणना का साहित्य भी भेंट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री नड्डा और सांसद शर्मा ने महादेव मूर्ति शिल्प कार्यशाला का भ्रमण भी किया। उन्होंने राजस्थान के बंसी पहाड़ से लाए गए पत्थर से बनी महर्षि जमदग्नि की 12 फीट ऊंची,10 फीट चौड़ी और 4.5 फीट मोटाई की शिल्पियों द्वारा निर्मित की जा रही मूर्ति का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री नड्डा ने ओडिशा के शिल्पकार ईश्वरचंद से चर्चा भी की। शिल्पकार ने बताया कि महर्षि जमदग्नि की यह पाषाण प्रतिमा 3-4 महीने में बनकर तैयार हो




जाएगी। इस कार्यशाला में उड़ीसा, राजस्थान और मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के शिल्पकार कार्य कर रहे है। उल्लेखनीय है की मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विजन अनुरूप जिले में मूर्तिशिल्प निर्माण की कार्यशाला सक्रिय हुई है। इससे उज्जैन एवं आस-पास के अंचल में शिल्प निर्माण में रुचि रखने वाली प्रतिभाएँ तैयार हो रही हैं, जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कार्यकर्ताओं की सराहना कर दी बधाई: विष्णदत्त शर्मा

- » संगठन पर्व में इतिहास रचेंगे पार्टी कार्यकर्ता
- » कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में सभी बूथ समितियों के गठन और बूथों का डिजिटलाइजेशन पूर्ण किया



**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश में सभी बूथ समितियों के गठन और सभी बूथों का डिजिटलाइजेशन पूर्ण हो जाने पर प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संगठन पर्व के दौरान प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ता नया इतिहास रचने जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने संगठन पर्व में कठिन परिश्रम कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देश में 2 सितम्बर और मध्यप्रदेश में 3 सितम्बर से पार्टी के संगठन पर्व की शुरुआत हुई थी। शुरुआत से ही प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने संगठन पर्व के प्रति अभूतपूर्व उत्साह दिखाया। चाहे प्राथमिक सदस्यता की बात हो या सक्रिय सदस्यता की, पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर बार लक्ष्य से अधिक काम किया है। प्रदेश के कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों ने पूरी गुणवत्ता और संपूर्णता के साथ समय सीमा में 100 प्रतिशत बूथ समितियों के गठन को संभव कर दिखाया। ये समितियां सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी हैं। इनमें सभी जाति, वर्ग और आयु समूह के लोगों को शामिल किया गया है। सबसे प्रमुख बात यह है कि महिला सशक्तीकरण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प की पूर्ति में योगदान देते हुए बूथ समितियों में भी 33 प्रतिशत महिला कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि बूथ समितियों के गठन के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने तमाम परेशानियों के बावजूद 100 प्रतिशत बूथ समितियों के डिजिटलाइजेशन को भी पूरा कर दिखाया, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पार्टी कार्यकर्ताओं के इन प्रयासों और परिश्रम की राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी ने भी सराहना की है और उन्हें बधाई दी है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में संगठन पर्व अभी जारी है। इस दौरान विभिन्न नवाचारों के जरिए संगठन के रचनात्मक कार्यों को धरातल पर उतारकर हमारे संगठन ने आदर्श स्थापित किए हैं। विभिन्न जिम्मेदारियों को संभाल रहे पार्टी कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के उत्साह से यह स्पष्ट हो चुका है कि इस बार मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी हर मापदंड पर शानदार प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास रचने जा रही है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीं सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिखा है कि जीवन पर्यंत कर्तव्य के वाक्य को चरितार्थ करते हुए सीमा सुरक्षा बल के जवान, विषम परिस्थितियों में देश की सीमाओं की सुरक्षा को समर्पित हैं। साहस, शौर्य, सजगता एवं समर्पण के साथ मातृभूमि की रक्षा के लिए जिन जवानों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

### प्रदेश में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 4 को, कक्षा-3, 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का होगा मूल्यांकन

**भोपाल।** प्रदेश में 4 दिसम्बर को चयनित सेम्पल शालाओं में कक्षा-3, 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया जायेगा। सर्वेक्षण की रिपोर्ट का केन्द्र सरकार द्वारा नीति निर्धारण में उपयोग किया जायेगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र ने सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता रखे जाने के निर्देश मैदानी अमले को दिये हैं। राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के संचालन की जिम्मेदारी एनसीईआरटी के पास है, जबकि सीबीएसई को सर्वेक्षण के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गयी है। प्रदेश में सर्वेक्षण के सुचारु और निष्पक्ष संचालन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पेशल ऑब्जर्वर नियुक्त किये हैं। यह ऑब्जर्वर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक से तालमेल रखकर सर्वेक्षण की व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। स्पेशल ऑब्जर्वर की जिलेवार नियुक्ति की गयी है। इसके साथ ही जिले में डिस्ट्रिक्ट लेवल को-ऑर्डिनेटर भी बनाये गये हैं। मैदानी अमले को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं कि जिन सेम्पल शालाओं में सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा, उन शालाओं में दर्ज विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो। केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित डाइट्स का सर्वे किया गया है। सर्वे के बाद इन डाइट्स की अधोसंरचना एवं व्यावसायिक विकास के लिये विस्तृत योजना तैयार की गयी है। इस कार्य-योजना के आधार पर वर्तमान में प्रदेश के संचालित सभी डाइट्स को मॉडल डाइट के रूप में विकसित करने के लिये चयनित किया गया है। वर्ष 2023-24 में भोपाल, सीहोर, मंदसौर, सागर, ग्वालियर, खण्डवा, रीवा और जबलपुर डाइट को मॉडल डाइट के रूप में विकसित करने के लिये विकास योजना तैयार कर ली गयी है। प्रदेश में वर्तमान में संचालित 50 डाइट्स के माध्यम से शासकीय शालाओं में कार्यरत शिक्षकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है।

### ग्लोबल स्किल पार्क का भ्रमण करेंगे उत्तरप्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में चल रही कौशल विकास की गतिविधियों का अध्ययन के लिए उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल 2 दिसंबर को मध्यप्रदेश के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री अग्रवाल अपनी टीम के साथ भोपाल में एडीबी परियोजना से तैयार विश्वस्तरीय ग्लोबल स्किल पार्क का भ्रमण करेंगे। मध्यप्रदेश में कौशल विकास के क्षेत्र में चल रही योजनाओं एवं नवाचारों के बारे में जानकारी लेंगे। कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल सुबह 9 बजे संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में मंत्री अग्रवाल का स्वागत करेंगे। मंत्री अग्रवाल प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। परियोजना और संस्था के अधिकारियों द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में चल रहे विभिन्न योजनाओं और नवाचारों पर प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 12:30 बजे मंत्री अग्रवाल कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन केंद्र (के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री अग्रवाल का यह दौरा मध्यप्रदेश के कौशल विकास प्रयासों को जानने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिससे दोनों राज्य में कौशल और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिल सके।

## भोपाल वासियों के लिए एक और सौगात

# सांसद आलोक शर्मा ने भोपाल से गोवा फ्लाइट का किया शुभारंभ



- » यात्रियों को बोर्डिंग पास देकर किया रवाना, छोटी कन्या से कटवाया केक

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल लोकसभा सांसद आलोक शर्मा ने प्रदेशवासियों के लिए एक और सौगात भोपाल से गोवा के लिए सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ कर दी है। सप्ताह में छह दिन चलने वाली ये फ्लाइट भोपाल से गोवा के लिए सीधी उड़ान भरेगी। जिसका फायदा भोपाल वासियों के अलावा प्रदेश भर के लोगों को मिलेगा। सांसद आलोक शर्मा ने फ्लाइट के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू का आभार व्यक्त किया। सांसद शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों ही हमने दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू से मुलाकात कर भोपाल से अन्य शहरों के लिए ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को कम करने और यात्रियों की मांग को लेकर भोपाल से पुणे, भोपाल से गोवा, भोपाल से कोलकाता, भोपाल से बेंगलुरु, भोपाल से लखनऊ और भोपाल से चंडीगढ़ के लिए विमान सेवा आरंभ करने की मांग की थी। जिस पर पिछले महीने ही भोपाल से पुणे की फ्लाइट आरंभ हो चुकी है। आज से भोपाल से गोवा के लिए सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया गया है। बहुत जल्द ही भोपाल से कोलकाता, लखनऊ, चंडीगढ़ और बेंगलुरु के लिए भी विमान सेवा शुरू की जाएगी। कई एयरलाइंस कंपनियों के साथ इसकी चर्चा जारी है। राजधानी से अन्य प्रदेशों के लिए की फ्लाइट्स की शुरुआत होने से इसका फायदा भोपाल शहर वासियों के अलावा प्रदेशभर के नागरिकों और विद्यार्थियों को मिलेगा। सांसद शर्मा ने कहा कि राजाभोज विमानतल के विस्तारीकरण का काम चल रहा है। जल्द ही यह एयरपोर्ट अपने नए और आधुनिक कलेवर में संचालित होगा। यहां से इंटरनेशनल फ्लाइट भी शुरू होंगी। इसके लिए आवश्यक कस्टम ड्यूटी और इमीग्रेशन चेक की परमिशन भी हो चुकी है। खुशी की बात है कि राजाभोज विमानतल अब 24 घंटे सेवा संचालित कर रहा है।

### छोटी कन्या से कटवाया केक

राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट पर गोवा फ्लाइट के शुभारंभ अवसर पर भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं एक छोटी कन्या से केक कटवाकर फ्लाइट का शुभारंभ किया। सांसद शर्मा ने भोपाल से पहली उड़ान में गोवा जाने वाले यात्रियों को बोर्डिंग पास दिए। भोपाल से गोवा के लिए इंडिगो की फ्लाइट सप्ताह में छह दिन अपराह्न 3:20 पर उड़ान भरेगी। इस अवसर पर राजाभोज विमानतल पर एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी, इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारी, एयरपोर्ट स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रदेश का आठवाँ टाइगर रिजर्व होगा

# माधव नेशनल पार्क टाइगर रिजर्व घोषित

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर शिवपुरी जिले के माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की तकनीकी समिति ने माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रदेश का आठवाँ टाइगर रिजर्व होगा।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-जीव) एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि एनटीसीए की तकनीकी समिति ने प्रस्तावित



बाघ अभयारण्य का कोर क्षेत्र 375 वर्ग किलोमीटर, बफर क्षेत्र 1276 वर्ग किलोमीटर और कुल क्षेत्रफल 1751 वर्ग किलोमीटर होगा। समिति ने राष्ट्रीय उद्यान में एक नर और एक मादा बाघ को छोड़ने की भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व घोषित करने के लिये प्रस्ताव भेजा गया था।

कृष्णमूर्ति ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा की गयी संरक्षण पहल माधव राष्ट्रीय उद्यान और कूनो राष्ट्रीय उद्यान में वन्य-जीव प्रबंधन को मजबूत करेगी। इससे स्थानीय समुदायों को अपेक्षित ईको-टूरिज्म का लाभ मिलेगा और क्षेत्र का विकास होगा।

## रिलायंस रिटेल से एक्सपायर्ड पनीर बिक्री की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा टीम ने की कार्रवाई

**भोपाल।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि रविवार को एक उपभोक्ता द्वारा एक्सपायर्ड पनीर का विक्रय किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा तत्काल कोहेफिजा स्थित रिलायंस रिटेल का निरीक्षण किया गया। शिकायतकर्ता से जानकारी मिलने पर रिलायंस स्टोर के कर्मचारियों के द्वारा 28 नवंबर तक विक्रय किये जा सकने वाले सभी 200 ग्राम वाले 13 पैकेट्स को छुपा लिया गया था । खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सभी पैकेट्स को ढूँढकर गुणवत्ता की जाँच के लिए पनीर का नमूना लिया गया तथा शेष 09 पैकेट जप्त किये गये। खाद्य सुरक्षा और मानक लेबल और प्रदर्शन विनियम, 2020 के 2(1)(ष) के अनुसार खाद्य पदार्थ केवल बेस्ट बिफोर तिथि के भीतर विक्रय योग्य होते हैं। कोहेफिजा स्थित रिलायंस स्टोर में बेस्ट बिफोर तिथि से 2 दिन पश्चात व्यतीत पनीर का विक्रय होना पाये जाने पर अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशानुसार नमूना तथा जप्ती की कार्यवाही की गई ।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर पूरे प्रदेश में हो कार्यक्रम: कुशवाह

**विजय मत, भोपाल**



सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर पूरे प्रदेश के दिव्यांगों की क्षमताओं और उपलब्धियां का उत्सव मनाते हुए एक समावेशी समाज के निर्माण में प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए कार्यक्रम किये जाये।

मंत्री कुशवाह ने कहा कि सुगम भारत अभियान के अंतर्गत हम सबको मिलकर सुगम वातावरण निर्माण और आईटीसी पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने का कार्य करना चाहिए इससे दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने का मार्ग प्रशस्त होगा। मंत्री कुशवाह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राज्य के प्रमुख पर्यटक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थान पर दिव्यांगजनों के कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। ऐसे आयोजनों से न केवल समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि जनता को सुगमता के महत्व के प्रति हम जागरूक भी कर सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस हमारी समाज के इस वर्ग के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने वाला दिवस है। दिव्यांगजन, समाज की मुख्य धारा से जोड़कर आगे लाना और उनके लिए समान अवसर उपलब्ध कराना हम सब का दायित्व है।

**खास-खबर** रतलाम में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

# अगले 5 वर्षों में हर सरकारी स्कूल की प्रत्येक कक्षा को बनाया जायेगा डिजिटल

**विजय मत, भोपाल**

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में अगले 5 वर्षों में प्रत्येक सरकारी स्कूल की हर कक्षा को डिजिटल करने का प्रयास किया जायेगा। सरकारी स्कूलों के बच्चे पढ़ाई में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें, इसके लिये राज्य सरकार हर संभव कोशिश करेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह रविवार को रतलाम में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रतलाम के सीएम राइज विनोबा स्कूल ने दुनियाभर में पहला स्थान प्राप्त कर मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने फाउण्डेशन के अनूठे आयोजन की भी तारीफ की। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि देश का हर स्कूल




एक्सीलेंस बनें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनजातीय कार्य मंत्री और रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री कुँवर डॉ. विजय शाह ने कहा कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों को अच्छे कॅरियर के लिये श्रेष्ठ संस्थानों में कोचिंग दिलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि रतलाम का यह समारोह प्रदेश के अन्य जिलों को भी प्रेरणा देगा। फाउण्डेशन के अध्यक्ष और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने बताया कि हमारा यह फाउण्डेशन रतलाम में कक्षा-10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर रहा है। सम्मान के रूप में विद्यार्थियों को टाइटन की रिस्ट वॉच एवं शील्ड प्रदान की गयी है। वर्ष 2024 के सम्मान समारोह में 2024 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बैठने का स्थान दिया गया। सम्मान समारोह में जानकारी दी गयी कि फाउण्डेशन पिछले 10 वर्षों से मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर रहा है। इसके साथ ही फाउण्डेशन बच्चों में अच्छे संस्कार देने के लिये भी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम भी करता आ रहा है।

# भोपाल स्थित ट्राइबल हॉस्टल्स की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**विजय मत, भोपाल**



टीटी नगर खेल स्टेडियम में रविवार को भोपाल जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित 58 छात्रावासों की खेलकूद वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रकार की प्रतियोगिता का यह पहला प्रयास है, जिसमें लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेक, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, की ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आयोजन में कई प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया 100 मीटर रेस में श्यामला हिल्स बालिका छात्रावास की छात्रा बन्नो कनास का प्रदर्शन उच्च स्तर का रहा। 200 मीटर रेस में भी श्यामला हिल्स बालक छात्रावास का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। प्रतियोगिताओं के दौरान छात्रों में बहुत उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com